छ.रा.विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी-2011 वर्ष - 07 अंक - 07



# छ.रा. विद्युत कम्पनी मर्या.

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवम्बर 2000 | फरवरी 2011 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 1786 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 1924.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 564.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब केन्द्रों की संख्या | 27 नग | 69 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की संख्या | 5205 सर्किट कि.मी. | 7939.01 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों की संख्या | 248 नग | 679 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 14722 सर्किट कि.मी. |
| 11/0.4 के.व्ही. उपकेन्द्रों की संख्या | 29692 नग | 70721 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 66049 कि.मी. |
| निम्न दाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 115429 कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित | 94 एमव्हीआर | 934 एमव्हीआर |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17911 | 19167 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 91.00 | 97.08 |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 23398 |
| विद्युतीकृत पम्पों की संख्या | 72400 | 280089 |
| एकलबत्ती कनेक्शन | 630389 | 1457147 |

# संकल्प

छ.रा. विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

जनवरी-फरवरी - वर्ष - 07 अंक-07

## संरक्षक

श्री पी. जॉय उम्मेन : अध्यक्ष

श्री एस.एन. चौहान : प्रबंध संचालक (होल्डिंग कं. मर्या.)

श्री एस. पी. चतुर्वेदी : प्रबंध संचालक (उत्पादन कं. मर्या.)

श्री व्ही.के. श्रीवास्तव : प्रबंध संचालक (ट्रेडिंग कं. मर्या.)

श्री जी.एस. कलसी : प्रबंध संचालक (ट्रांसमिशन कं. मर्या.)

श्री सुबोध कुमार सिंह : प्रबंध संचालक (वितरण कं. मर्या.)

## सलाहकार सम्पादक

श्री जी.एल. बिजौरा : कार्यपालक निदेशक (मा. सं.)

## सम्पादक

श्री विजय कुमार मिश्रा :............जनसम्पर्क अधिकारी

## सहयोग

श्री जाबीर मोहम्मद कुरैशी

## छायाकार

श्री संजय टेम्बे

## पता

सम्पादक - संकल्प

जनसम्पर्क अधिकारी

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं. मर्या.

डंगनिया, रायपुर (छ.ग.)


संकल्प में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं,
सम्पादक मण्डल उससे सहमत हों, यह जरूरी नहीं है.
किसी प्रकार के विवाद के लिए न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र रायपुर होगा .

## विषय सूची

सम्पादकीय ---------- 02
नये वर्ष पर विद्युत ---------- 03
वितरण कंपनी ---------- 03
पॉवर कंपनी में गणतंत्र ---------- 04
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ---------- 05
गणतंत्र दिवस 2011 ---------- 05
पॉवर कंपनी के कैलेण्डर ---------- 06
पॉवर कंपनी में गणतंत्र ---------- 06
सर्वाधिक विद्युत उत्पादन ---------- 07
उत्कृष्ट कार्यों के लिए ---------- 07
पॉवर कंपनी में कर्मचारी ---------- 08
बिजली चोरी की सूचना ---------- 09
शहरी क्षेत्रों में ---------- 09
पॉवर कंपनी में अंतर्क्षेत्रीय ---------- 10
आदर्शिनी महिला क्लब ---------- 10
पॉवर कंपनी में अंतर्क्षेत्रीय ब्रिज ---------- 11
कोरबा पूर्व में आनंद ---------- 11
सेवानिवृत्त एमडी ---------- 12
पॉवर कंपनी मुख्यालय में ---------- 12
आदर्शिनी महिला मंडल ---------- 13
एवार्ड कमेटी ---------- 13
दुर्घटना से बचाव ---------- 14
जगदलपुर क्षेत्र ---------- 14
हसदेव ताप विद्युत ---------- 15
एकता का सूत्र ---------- 15
अंतर्क्षेत्रीय शरीर सौष्ठव ---------- 16
ऊंचा स्थान ---------- 16
कोरबा पश्चिम ---------- 17
बिलासपुर में संगीत ---------- 17
हसदेव ताप विद्युत गृह में ---------- 18
महिला मंडल का आनंद ---------- 18
अंबिकापुर क्षेत्र में ---------- 19
बिलासपुर में गणतंत्र ---------- 19
अंतर्क्षेत्रीय बैडमिंटन ---------- 20
कैरम प्रतियोगिता ---------- 20
रायगढ़ वृत्त ---------- 21
श्री जे.आर. कुलदीप ---------- 21
ताप विद्युत गृहों के ---------- 22
लो कैलोरी ---------- 22
कोरबा पूर्व में कार्यपालक ---------- 23
सांस्कृतिक संध्या ---------- 23
कोरबा पश्चिम में कैंसर ---------- 24
राजनांदगांव क्षेत्र में ---------- 24
परिचयावली ---------- 25
हसदेव ताप विद्युत गृह में ---------- 25
अंतर्क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता ---------- 26
छत्तीसगढ़ महतारी ---------- 26
वेलेंटाईन ---------- 27
बेरा ---------- 27
हमारे गौरव ---------- 28

# आस्तीन का सांप - पॉलीथीन



विकसित होने का मार्ग सूचक विकासशीलता है। विकास शीलता को उजागर करते हुए देश, प्रदेश, समाज, घर, परिवार के सदस्यों का उत्साह - उमंग आसमान की ऊंचाइयों को छूने की ताकत से लबरेज होता है। उन्नति की राह पर उत्थान की सीढ़ियां चढ़ते हुए ऐसा अक्सर होता है जब छोटी लगने वाली बड़ी चुनौतियों को जाने-अनजाने नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस तरह की छोटी भूल महीनचूक बड़े दुष्परिणाम की जनक बन जाती है। पॉलीथीन, पन्नी, झिल्ली, कैरीबैग का बेतहाशा बढ़ता उपयोग, चंहुओर पॉलीथीन के पसरते पांव ऐसी ही एक भूल का बड़ा उदाहरण है। जिसे उपयोगकर्ता सामान्य समझकर अपने पैर पर अपने हाथ से कुल्हाड़ी चलाने का कृत्य कर रहा है।

साधारण सा दिखने वाला पॉलीथीन छोटे बड़े शहरों में छोटी बड़ी नालियों को चोक कर देता है और बड़ी बड़ी बीमारियों को जन्म देने का रास्ता आसान कर देता है। कई बार फलों - सब्जियों के के छिलकों को जब पॉलीथीन बैग में डालकर फेंक दिया जाता है तो उसे गाय खा लेती हैं। ऐसी स्थिति में अनेक बार गाय की मृत्यु भी हो जाती है। साधारण सा दिखने वाली पॉलीथीन जमीन की उपजाऊ शक्ति को तहस-नहस करने की ताकत रखता है। इन अर्थों में पॉलीथीन को आस्तीन का सांप कहना उचित जान पड़ता है।

पॉलीथीन जैसे आस्तीन के सांप को पालना आ बैल मुझे मार की कहावत को चरितार्थ करना है। विकास की झिलमिलाती दुनिया में पॉलीथीन उर्फ झिल्ली ने चुपके से पैर पसारते हुए अपना भयावह चेहरा बेनकाब करना प्रारंभ कर दिया है। यही वजह है अब इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का कदम देश भर में कड़ाई से उठाया जा रहा है। सरकार के संग संग अनेक सामाजिक संगठनों ने भी इसके विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। छत्तीसगढ़ में भी इसकी पहल की गई है जो कि सराहनीय है।

छत्तीसगढ़ में एक बड़ा पारंपरिक पर्व छेरछेरा पौष माघ के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन बच्चे बूढ़े हाथ में टोकनी अथवा कपड़े का थैला लेकर घर-घर धान का दान मांगने जाते हैं। यह पारंपरिक पर्व भी पॉलीथीन से सचेत रहने का संदेश देते हुए कहता है कि धान का कटोरा को पॉलीथीन का कटोरा बनने से रोके।

छत्तीसगढ़ को हरा - भरा धान का कटोरा बनाये रखने के लिए पॉलीथीन को त्याग कर हाथ में कपड़े का थैला रखना आरंभ करने में ही समझदारी है। कपड़े के थैले के उपयोग की पहल करके भारत माता, धरती माता और गऊ माता पर उपकार करने में जन, मन और जग की भलाई निहित है। विद्युत विकास के क्षेत्र में अग्रणी पॉवर कंपनी के पॉवर हाऊस, उपकेन्द्र, कार्यालयों के लिए भी पॉलीथीन खरतनाक सिद्ध हो रहा है, अतः इसके स्थान पर कपड़े के थैला के उपयोग को बढ़ावा देते हुए प्रचारित करे इन पंक्तियों को :-

कपड़ा के झोला - बचाही तोला - अऊ मोला

विजय मिश्रा

# नये वर्ष पर विद्युत विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करें पॉवर कम्पनी–डॉ0 रमन



नये वर्ष 2011 पर छत्तीसगढ़ में बिजली की ताकत आम आदमी की ताकत बनी रहे। विद्युत विकास के नये नये कीर्तिमान रचते हुये राष्ट्रीयस्तर पर प्रदेश की विशेष पहचान बने, मेरी यही कामना है। बीते वर्षो की भांति खेत, खलिहान, कल–कारखानों सहित सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को चौबीस घण्टे गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति करने में पॉवर कम्पनी सफल हो। उक्त कामना प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिह जी ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी के प्रबंध निदेशकों से नववर्ष के भेंट के दौरान व्यक्त की।

# वितरण कंपनी द्वारा स्थापित म्यूजिकल फाउटेंन का लोकार्पण



राजनांदगांव जिले के ऊर्जा पार्क में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित राजनांदगांव क्षेत्र में स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन का लोकार्पण 31 जनवरी 2010 को प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह के कर कमलो द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री मधुसूदन यादव, सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र, श्री अशोक शर्मा, अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम, श्री खूबचंद पारख, उपाध्यक्ष 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति, श्री लीलाराम भोजवानी, अध्यक्ष खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वितरण कंपनी से क्षेत्रीय मुख्य अभियंता श्री एल.एन.ईरंकी एवं अधीक्षण अभियंता श्री एम.जामुलकर, कार्यपालन अभियंता श्री पी.के.जैन एवं श्री बी.के.कुमरे ने सफल आयोजन हेतु अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास संपन्न

## कार्य दक्षता संग उपभोक्ता संतोष में वृद्धि करें विद्युत कर्मी– श्री उम्मेन



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव– कंपनी अध्यक्ष श्री पी. जॉय उम्मेन ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों द्वारा प्रस्तुत मार्चपास्ट/परेड की सलामी ली। समारोह में श्री उम्मेन ने विद्युत कम्पनीस के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 अधिकारियों/कर्मचारियों को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्युत की भरपूर उपलब्धता छत्तीसगढ़ की तेज उन्नति का कारण है। इस दिशा में बढ़ते हुये विद्युत कर्मी कार्य दक्षता संग उपभोक्ता संतोष में वृद्धि करें। प्रदेश में चौबीस घण्टे बिजली की आपूर्ति भविष्य में भी बनी रहे इस हेतु विद्युत उत्पादन, पारेषण–वितरण क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की गई है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि पॉवर कम्पनी के प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एस.एन.चौहान, सुबोध सिंह, एस.पी. चतुर्वेदी, व्ही.के. श्रीवास्तव, जी.एस.कलसी सहित अन्य आमंत्रितजन उपस्थित थे।

समारोह में श्री उम्मेन ने कहा कि राज्य गठन उपरांत विद्युत उत्पादन क्षमता में 41 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2012 तक कोरबा पश्चिम एवं मड़वा भी पूरी हो जायेंगी, फलस्वरूप उत्पादन क्षमता बढ़कर 3425 मेगावाट हो जायेगी जो कि 150 प्रतिशत से अधिक उत्पादन क्षमता वृद्धि को दर्शाता है। इसी तरह श्री उम्मेन ने बताया कि राज्य गठन के समय जहाँ मात्र 27 अति उच्चदाब उपकेन्द्रों की संख्या थी, वह बढ़कर 69 हो गई है। इसी तरह 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों की संख्या 248 से बढ़कर 672 हो गई है। वर्तमान में लगभग 02 लाख 70 हजार कृषि पम्पों के माध्यम से प्रदेश के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 14 लाख से अधिक परिवारों को एकलबत्ती कनेक्शन दिये गये हैं।

श्री उम्मेन ने बताया कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं की संख्या 29 लाख तक जा पहुँची है। राज्य में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी आंकी गई है। ऐसे दौर में बिजली बिल भुगतान की कठिनाईयों को दूर करने के लिये 25 बैंको एवं 55 एटीपी मशीन के अलावा इंटरनेट के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपभोक्ताओं को दी गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं के संतोष को बनाये रखते हुये अपनी कार्य दक्षता को सिद्ध करने का आव्हान अधिकारियों/कर्मचारियों से किया।

समारोह में सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग में कार्यरत श्री रेवाराम साहू, श्री घसिया राम साहू, श्री सालिक राम एवं श्री डी.आर. खलको को बेस्ट टर्न आउट तथा उत्तम बैण्डधुन प्रस्तुति के लिये श्री ताराचंद बेन को पारितोषिक प्रदान किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्निशमन अधिकारी श्री सी. एस.ठाकुर, सुरक्षा अधिकारी श्री डी.एन.कराड़े एवं सुरक्षा इंसपेक्टर श्री आर.के.साहू के नेतृत्व में सुरक्षा सैनिकों ने अपनी प्रस्तुति दी थी। अतिथियों, आमंत्रितजनों के प्रति उपमहाप्रबंधक श्री अजय श्रीवास्तव ने आभार प्रर्दशन किया। समारोह का आंखो देखा हाल श्री विजय मिश्रा जनसम्पर्क अधिकारी ने प्रसारित किया।

# डॉ0 श्यामाप्रसाद मुखर्जी विद्युत गृह को मिला आईएसओ अवार्ड



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (डीएसपीएम) ताप विद्युत गृह को आई.एस.ओ. 9001:2008 से प्रमाणित होने का गौरव प्राप्त हुआ। जनरेशन कंपनी के कोरबा पूर्व एवं कोरबा पश्चिम विद्युत गृह सहित उत्पादन कंपनी मुख्यालय को पूर्व में ही आईएसओ 9001 एवं 14001 का सर्टिफिकेट प्राप्त हो चुका है। इस तरह अब छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन कंपनी देशभर के स्टेट पॉवर सेक्टर की तुलना में एकमात्र ऐसी कंपनी बन गई है, जिसकी सभी इकाईयों एवं कार्यालयों को "गुणवत्ता प्रबंधन एवं पर्यावरण प्रबंधन" अवार्ड से अंलकृत होने का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त हुआ है। वर्तमान में गुणवत्तापूर्ण कार्यों की पूछपरख प्रतिस्पर्धा के दौर में अत्यधिक बढ़ गई है अतः आईएसओ का प्रमाणीकरण अनेक अर्थों में प्रदेश सहित कंपनी के लिये विशेष महत्व रखता है। जनरेशन कंपनी द्वारा बेहतर कार्य संस्कृति को अनवरत् बनाये रखते हुये स्वास्थ्य प्रबंधन व्यवस्था 18001 से सर्टिफाईड होने की प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है।

जनरेशन कंपनी को इन उपलब्धियों के लिये 26 फरवरी 11 को माननीय मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह, मुख्य सचिव श्री पी.जॉय उम्मेन, ऊर्जा सचिव श्री अमन सिंह ने उत्पादन निकाय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की। उन्होंने ऐसी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को आगे भी बनाये रखने शुभकामनायें भी दी। इस अवसर पर उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.पी.चतुर्वेदी, कार्यपालक निदेशक श्री एम.बी.मेढेकर, डीएसपीएम के ईडी श्री आर.डी.सोनकर, आई.क्यू.ई.एम.एस.के कंसल्टेंट–डायरेक्टर श्री सुब्रत पाणीग्रही सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.पी. चतुर्वेदी ने बताया कि उत्पादन कंपनी के ताप विद्युत गृहों एवं कार्यालयों को कामकाज एवं प्रबंधन में आवश्यक सुधार के परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानक आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। आस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलेण्ड से सम्बद्ध संस्थान एमएस सर्टिफिकेशन द्वारा उक्त प्रमाण पत्र डीएसपीएम थर्मल पॉवर स्टेशन को न्यूनतम लागत पर अधिकतम विद्युत का उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण, ईधन तेल खपत में कमी लाने जैसे कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रदान किया गया है। इस संयंत्र द्वारा अपनी क्रियाशीलता की तिथि से ही प्रतिवर्ष अधिकतम पी.एल.एफ. का कीर्तिमान स्थापित किया गया, जिसकी सराहना केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा की गई।

## गणतंत्र दिवस 2011 पर पॉवर कंपनी की झॉकी का प्रदर्शन



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी द्वारा गणतंत्र दिवस 2011 के अवसर पर पुलिस ग्राउन्ड रायपुर में मनोहारी झॉकी का प्रदर्शन किया गया। इसमें विद्युत उपभोक्ताओं को प्रदत्त सुविधायें, पारेषण–वितरण लाईनें, कृषि पम्प एवं विद्युत विकास के क्षेत्र में की गई प्रगति का चित्रण किया गया था।

# पॉवर कम्पनी के कैलेण्डर एवं डायरी का विमोचन

## पॉवर कम्पनी विकास का नया इतिहास रचे– श्री उम्मेन



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के प्रागंण में 06 जनवरी 11 को छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव सह पॉवर कंपनी अध्यक्ष श्री पी.जॉय उम्मेन ने नव प्रकाशित डायरी एवं कैलेण्डर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि सभी पॉवर कंपनी नये वर्ष पर विकास का नया इतिहास रचते हुए उपभोक्ता संतोष में वृद्धि करने में सफल हो।

श्री उम्मेन ने कहा कि वर्तमान में शासकीय, सार्वजनिक उपक्रमों एवं निजी विद्युत उत्पादकों के बीच कड़ी स्पर्धा परिलक्षित हो रही है। ऐसे दौर में भविष्य की सुरक्षा हेतु कठिन परिश्रम के साथ ही कार्यक्षमता में सतत वृद्धि करना आवश्यक है। विद्युत विकास – विस्तार के क्षेत्र में आई चुनौतियों का सामना सुनियोजित कार्य योजना से करना आसान है। इसे दृष्टिगत रखते हुए पारेषण वितरण एवं उत्पादन के क्षेत्रों में प्रस्तावित परियोजनाओं का निर्माण निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करने पर उन्होंने जोर दिया।

समारोह में पॉवर कम्पनी अध्यक्ष श्री उम्मेन का स्वागत पॉवर कम्पनी के प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एस.एन.चौहान, एस.पी.चतुर्वेदी, व्ही.के.श्रीवास्तव, जी.एस.कलसी, सुबोध सिंह, कार्यपालक निदेशक श्री जी.एल.बिजौरा, एम.बी. मेढ़ेकर, डॉ. एस.पी.शर्मा ने किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। केलेण्डर एवं डायरी के विमोचन हेतु उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन–सचि0) श्री अजय श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया. समारोह का संचालन जनसम्पर्क अधिकारी श्री विजय मिश्रा ने एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री जी.एल.बिजौरा ने किया.

## पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का शुभारम्भ

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी मुख्यालय डंगनिया स्थित खेल मैदान में 20 जनवरी को गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.एन. चौहान ने ऐसे खेल आयोजन को आपसी मेलजोल तथा एकता और सदभावना बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण निरूपित किया। उन्होंने पुरूषों के साथ महिला खिलाड़ियों के आगे आने को प्रगति का सूचक कहा तथा प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने का आव्हान किया। उद्‌घाटन समारोह में कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन) श्री जी.एल.बिजौरा, उपमहाप्रबंधक श्री अजय श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किये। गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के अन्तर्गत टेबिल टेनिस, शतरंज, ब्रिज, व्हालीवॉल, क्रिकेट, कैरम तथा तेजचाल स्पर्धा का आयोजन किया गया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के कला सचिव श्री विजय मिश्रा ने बताया कि मुख्यालय एवं रायपुर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न कार्यालयों के मध्य उक्त स्पर्धायें संपन्न की जायेगी। समारोह में अतिथियों का स्वागत मुख्य अभियंता द्वय श्री बी.के.सक्सेना, एम.यू. अहमद, खेल सचिव श्री पी.के.खरे, कार्यालय सचिव श्री हेमन्त सचदेवा एवं क्रिकेट प्रभारी जगजीत सिंह वालिया ने किया।



# सर्वाधिक विद्युत उत्पादन कर प्रदेश के पॉवर प्लांट देश में अव्वल

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के पॉवर प्लांट अधिकतम विद्युत उत्पादन के मामले में देशभर में अव्वल है। भारत सरकार के (सीईए) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। सीईए ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देशभर में स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की तुलना में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कंपनी के पॉवर प्लांट द्वारा वर्ष भर में 87.74 प्रतिशत (पी.एल.एफ) प्लांट लोड फेक्टर तथा जनवरी माह में 97.28 प्रतिशत पीएलएफ बनाने का कीर्तिमान बनाया है। इस आधार पर सीईए. ने देशभर में कंपनी के पॉवर प्लांट को प्रथम स्थान पर दर्ज किया है। इसी तरह माह जनवरी के दौरान सौ प्रतिशत से अधिक पी.एल.एफ. प्रदर्शन करने हेतु कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को देश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.पी.चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित इस मिसाल हेतु माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं मुख्य सचिव तथा छग. राज्य पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री पी.जॉय.उम्मेन एवं ऊर्जा सचिव श्री अमन सिंह ने इसे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक गौरव निरूपित किया तथा विद्युत कर्मियों को बधाई प्रेषित की है। पॉवर प्लांट में अधिकतम विद्युत उत्पादन की परंपरा को देखते हुए भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु प्रदेश के विद्युत गृह पात्र बन सकते है।

एमडी श्री चतुर्वेदी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति (मार्च 2011) तक कंपनी के विद्युत गृह 90 प्रतिशत पीएलएफ. प्रदर्शित करने आशान्वित है। उन्होंने बताया कि देशभर के विद्युत गृहों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने माह जनवरी में 102.63 प्रतिशत पीएलएफ. प्रदर्शित कर व्यक्तिगत प्रदर्शन के मामले में स्वयं को श्रेष्ठ ठहराया है। इस आधार पर सीईए. ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को देशभर में तृतीय स्थान होने का गौरव बताया है। इसी तरह कंपनी के कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह ने माह जनवरी में 99.63 प्रतिशत मासिक पीएलएफ. प्रदर्शित किया है तथा अप्रेल 10 से जनवरी 11 तक 89.7 प्रतिशत पी.एल.एफ. प्रदर्शित किया, जो कि इस विद्युत गृह के जीवनकाल का सर्वाधिक है। ऐसी उत्कृष्ट उपलब्धि को श्री चतुर्वेदी ने विद्युत कर्मियों की श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आगे भी प्रदेश को जीरो पॉवर कट बनाये रखने के प्रयास में कंपनी के कर्मी लगे हुये है।



भविष्य में भी छत्तीसगढ़ जीरो पॉवर कट स्टेट बना रहेगा इसे बलपूर्वक बताते हुए श्री चतुर्वेदी ने कहा कि विद्युत कर्मी नई परियोजनाओं को निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक पूरा करने में जुटे हुए है।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिये 15 अधिकारी/कर्मचारी पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के 15 अधिकारियों/कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु गणतंत्र दिवस समारोह में कंपनी अध्यक्ष श्री पी0जॉय उम्मेन ने प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह तथा पारितोषिक प्रदान कर अंलकृत किया। पुरस्कृत कर्मियों को श्री उम्मेन ने बधाई देते हुये उनके अतिविशिष्ट कार्यों को अन्य कर्मियों के लिये प्रेरणादायी निरूपित किया। समारोह में कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन) श्री जी.एल.बिजौरा ने पुरस्कृत कर्मियों के कार्यों के विवरण पर प्रकाश डाला।

पुरस्कृत हुये अधिकारियों/कर्मचारियों में सहायक अभियंता श्री बी. आर.सिंह को दुर्गम वनांचल में उपकेन्द्र एवं लाईनों के निर्माण, रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता श्री सी.एस.सिंह को बिजली चोरी रोकने हेतु अर्जित बड़ी सफलता, रायपुर के सहायक अभियंता श्री रवि परमानंद को न्यूनतम समय में मड़वा ताप विद्युत परियोजना के टरबाईन जनरेटर की नींव संबंधी कार्यो को दक्षतापूर्वक पूर्ण करने, कोरबा के कार्यपालन अभियंता श्री संजय शर्मा को विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के रखरखाव संबंधी कार्य को रिकार्ड टाईम पर पूर्ण कर 6 करोड़ की अतिरिक्त बिजली का उत्पादन करने, भिलाई के परिचालक श्रेणी–एक श्री भरत लाल को खेंदामारा उपकेन्द्र में बंद ट्रांसफार्मर एवं लाईनों को अतिशीघ्र कियाशील करने, बिलासपुर के परिचारक श्रेणी–एक श्री प्रभुदयाल सिहोते को क्षेत्रीय भंडार में शार्ट सर्किट से लगी आग को काबू में कर अमूल्य संपत्ति को नष्ट होने से बचाने, जनसम्पर्क अधिकारी श्री उमेश मिश्र को राज्य शासन तथा ऊर्जा विभाग के सकारात्मक प्रचार–प्रसार एवं छवि निर्माण हेतु दो हजार रूपये नकद, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इसी तरह केन्द्रीय कार्यालय में सेवारत सहायक अभियंता श्री राजीव साहू को ऑन लाईन विद्युत देयकों की भुगतान सुविधा 32 बैंको के माध्यम से कराने संबंधी कार्य, कु0 दीपान्वित जायसवाल को तेदूंभाठा परियोजना के विभिन्न सिस्टम को यथासमय आरंभ करवाने संबंधी कार्यों, कु0 चित्रा खत्री को कोरबा पूर्व परियोजना के करोड़ों के भुगतान संबंधी कार्यों के निराकरण, सांख्यिकी सहायक श्री रमेश कुमार श्रीवास को स्थापना, राजस्व बजट के कार्यों को समय पर संपन्न करने, कार्यपालन अभियंता श्री आर.सी.अग्रवाल को प्रबंध निदेशक के कार्यालयीन कार्यों का यथासमय निपटारा करने, सहायक अभियंता कु. मनीषा श्रीवास्तव को पारेषण लाईनों का समय पर लोड फ्लो स्टडी कर प्लानिंग करने, कार्यालय सहायक श्रेणी–एक श्री महेन्द्र तिवारी को सांख्यिकी संबंधी प्रतिवेदनों को समय समय पर तैयार करने एवं भृत्य श्री देव कुमार को कार्यालयीन कार्यों के बेहतर निष्पादन हेतु प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर श्री उम्मेन ने पुरस्कृत किया।

# पॉवर कम्पनी में कर्मचारी भविष्य निधि पर कार्यशाला संपन्न

## ईपीएफ में जमा राशि कर्मचारियों का वाजिब हक– श्री श्रीवास्तव



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय सेवाभवन में ''कर्मचारी भविष्य निधि का भुगतान'' पर केन्द्रित राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन 07 फरवरी को किया गया। कार्यशाला में प्रदेशभर के विभिन्न क्षेत्रों के लेखाधिकारी, कल्याण अधिकारी तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुये। कार्यशाला में वर्ष 1956 से लेकर अब तक कार्यालयीन त्रुटि की वजह से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के अंतिम भुगतान हेतु सकारात्मक पहल पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर में होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री व्ही.के.श्रीवास्तव ने ईपीएफ में जमा राशि को कर्मचारियों का वाजिब हक बताया तथा यथासमय इस राशि के भुगतान की महत्ता को प्रतिपादित किया।

कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन) श्री जी.एल. बिजौरा, क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय के कमिश्नर श्री एस.के.भट्टाचार्य, औद्योगिक संबंध अधिकारी श्री आर.डी. सिंह तथा लेखाधिकारी श्री लाल ने कार्यशाला में अपनी सक्रिय भागीदारी दी। कार्यपालक निदेशक श्री बिजौरा ने ईपीएफ के भुगतान की समस्या एवं निदान को यथासमय करने पर बल दिया। इसी क्रम में ईपीएफ के कमिश्नर श्री भट्टाचार्य ने सुझाव दिया कि विद्युत कंपनी के क्षेत्रीय स्तर के कार्यालयों की समस्याओं के निदान हेतु केन्द्रीय स्तर पर एक प्रकोष्ठ का निर्माण करना उचित होगा। उन्होंने कहा कि कुल 177 ई0पी0एफ0कोड में से सक्रिय एवं निष्क्रिय कोड को सर्वप्रथम अलग अलग करने की आवश्यकता है।

कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये औद्योगिक संबंध अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि ई.पी.एफ. के लंबित भुगतानों का निदान कर्मचारी के लिये संजीवनी की तरह होगा। लगभग 56 साल के प्रकरण का निदान एक जटिल प्रक्रिया है, किन्तु ईपीएफ और विद्युत कंपनी के सामूहिक पहल ने आज एक विश्वास को जगा दिया है। इस सार्थक पहल से विद्युत कर्मचारियों को राहत की आशा है।

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये अधिकारियों में सर्वश्री पी.एस.ठाकुर, एल.एस.परिहार, जे.एल.दौरिया, श्रृद्धा पिल्ले, सुधांशु नायर, डी.पाटनवार, जी.सी.चंद्रा, आर.एन.साहू, जी.के.वर्मा, एस.आर.वस्त्रकार, सुखदेव राम, बी.के.अग्रवाल, सी.के.खाण्डे, आर.आर.गावडे, बी.पी.देवांगन, पंकज परमार, विजय बैनर्जी, डी.एन. देवांगन, एम.पी.सिंह, हरिश जांघड़े, एच.चिटणीश, आर.पी. मिश्रा, श्रीमती मैरी किण्डो,श्रीमती शशि चिंचोलकर, श्रीमती हरजीत खालसा सहित वरिष्ठ कल्याण अधिकारी सर्वश्री पी.के.दवे, के.व्ही.चौकसे, गोपाल खण्डेलवार, अतुल तिवारी, एस.एन.गोमे, रूपसिंह रात्रे, आर.पी.गुरूदीवान, पी. आर.खुंटे आदि शामिल थे। कार्यशाला का संचालन एवं कियान्वयन औद्योगिक संबंध कार्यालय द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री आर.पी. गुरूदीवान द्वारा किया गया।

## अजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष मनोनित



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में पदस्थ उपमहाप्रबंधक श्री अजय श्रीवास्तव को अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया है। देशभर के राज्य विद्युत मंडल एवं विद्युत संस्थानों में खेल एवं गतिविधियों के संचालन हेतु विद्युत खेल नियंत्रण मंडल का गठन किया गया है। यह मंडल विविध खेल के आयोजन के संबंध में निर्णय लेता है।

# बिजली चोरों की सूचना देने वाले को मिलेगा ईनाम दस हजार

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी रोकने प्रदेशभर में सघन जॉच अभियान चलाया गया है। इसमें आमजन की भागीदारी को बढ़ाने के लिये बिजली चोरों की सूचना दो ईनाम पाओ योजना का सरलीकरण करते हुये ईनाम राशि को भी बढ़ा दिया गया है। सूचनादाता को अब अधिकतम दस हजार रूपये तक का इनाम मिलेगा। ईनाम की राशि देने का अधिकार प्रबंध निदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय को था, इसमें वृद्धि करते हुये यह अधिकार अब क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय को भी दिये गये हैं। प्रदेश में पॉच क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर,बिलासपुर,अंबिकापुर, राजनांदगांव एवं जगदलपुर में कार्यरत है। विद्युत चोरी की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह से गोपनीय रखा जाता है।

बिजली चोरी की सूचना प्रबंध निदेशक सहित क्षेत्रीय मुख्यालय में फोन/फैक्स के माध्यम से दिये जा सकते हैं इस हेतु स्थापित फोन नं. /फैक्स नं. निम्नानुसार होंगे–

| कार्यालय का नाम | फोन नं. | फैक्स नं. |
|---|---|---|
| प्रबंध निदेशक (वितरण कंपनी) | 0771–2574016/206 | 0771–4066566 |
| कार्यपालक निदेशक(संचा–संधा) | 0771–2574901/902 | 0771–2574900 |
| कार्यपालक निदेशक(सतर्कता) | 0771–2574294 | 0771–2592907 |
| कार्यपालक निदेशक (रायपुरक्षेत्र) | 0771–2574703 | 0771–2593403 |
| मुख्य अभियंता (बिलासपुर क्षेत्र) | 07752–427000 | 07752–427003 |
| मुख्य अभियंता (अंबिकापुर क्षेत्र) | 07774–231653 | 07774–231655 |
| मुख्य अभियंता (जगदलपुर क्षेत्र) | 07782–231545 | 07782–231544 |
| मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) | 07744–228210 | 07744–228211 |

विदित हो कि विद्युत चोरों की सूचना दो ईनाम पाओ योजनांतर्गत सूचनादाता को पूर्व में अधिकतम साढ़े सात हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती थी। इसमें ढाई प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस तरह सूचनादाता को अब अधिकतम दस हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। विद्युत चोरी पकड़वाने वाले को पांच प्रतिशत राशि तुरंत और शेष राशि विद्युत देयक के भुगतान के पश्चात प्रदान की जायेगी।

सूचना प्राप्ति उपरांत कंपनी के अधिकारियों द्वारा अविलम्ब चोरी के प्रकरण की पुष्टि स्थल पर जाकर की जाती है और प्रकरण के सही पाये जाने पर सूचना देने वाले व्यक्ति को ईनाम दिया जाता है।

# शहरी क्षेत्रों में तीन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पॉच कार्यदिवस पर नया विद्युत कनेक्शन

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी द्वारा नये विद्युत कनेक्शन त्वरित गति से दिये जाने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके मुताबिक निम्नदाब लाइन से 30 मीटर के अंदर स्थित मकानों में नये विद्युत कनेक्शन चाहने वाले आवेदकों को शहरी क्षेत्रों में तीन दिवस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पॉच कार्य दिवस के अंदर कनेक्शन दे दिये जाएंगे। वर्तमान में नये विद्युत कनेक्शन देने हेतु शहरी क्षेत्रों के लिए 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिये 30 दिन की समय सीमा निर्धारित थी। उपभोक्ताओं को इतनी लम्बी अवधि की प्रतीक्षा एवं परेशानियों से राहत देने वितरण कंपनी का यह निर्णय पूरे प्रदेश में प्रभावशील होगा।

पॉवर वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक संचारण एवं संधारण श्री एस.डी.दीवान ने बताया कि नये कनेक्शन समय सीमा के भीतर प्राप्त करने हेतु आवेदको को आवेदन पत्र के साथ कंपनी की विद्यमान निम्नदाब लाइन के निकटतम खंभे से मकान की दूरी, मालिकाना हक संबधी दस्तावेज, स्थानीय निकाय के अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा। नये कनेक्शन लेने वाले परिसर पर कोई अन्य बकाया राशि लम्बित नहीं होने तथा आवेदक के ऊपर प्रदेश में कहीं भी किसी अन्य कनेक्शन के विरूद्ध बकाया राशि नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र देना होगा।

आवेदकों द्वारा उपरोक्त दस्वावेज जानकारी आवेदन पत्र के साथ जमा करने पर तत्काल निर्धारित राशि का मांग पत्र देकर राशि जमा करने तथा अनुबंध पर हस्ताक्षर करने व्यवस्था वितरण क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा की जाएगी। इसके उपरांत आवेदक को अपने स्थापना स्थल मकान तक निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप सर्विस लाइन बिछाकर परीक्षण प्रपत्र सहित इसकी जानकारी संबंधित जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा। तत्पश्चात विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में तीन कार्य दिवस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पॉच कार्यदिवस के अंदर कनेक्शन देने की कार्यवाही पूर्ण कर दी जावेगी।

# पॉवर कम्पनी में अंतर्क्षेत्रीय टेबिल टेनिस स्पर्धा संपन्न

## रायपुर क्षेत्र को विजेता एवं कोरबा पूर्व की टीम को उपविजेता होने का गौरव



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में अंतर्क्षेत्रीय टेबिल टेनिस स्पर्धा का शुभारम्भ 11 जनवरी को विद्युत क्रीड़ा भवन डंगनिया में प्रबंध निदेशक श्री एस.एन.चौहान, श्री व्ही.के.श्रीवास्तव तथा कार्यपालक निदेशक श्री एम.बी.मेढेकर एवं रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री ए.के.तिवारी के आतिथ्य में हुआ। समारोह में प्रबंध निदेशक श्री चौहान ने टेबिल टेनिस खेल की विशेषताओं के माध्यम से दैनिक दिनचर्या में छोटी से छोटी चीजों के महत्व को प्रतिपादित किया।





तीन दिवसीय स्पर्धा में प्रदेशभर की आठ क्षेत्रीय मुख्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा के अन्तर्गत युगल एवं एकल प्रतियोगिता महिला एवं पुरूष वर्ग के लिये आयोजित की गई। स्पर्धा के फाईनल में रायपुर क्षेत्र को विजेता एवं कोरबा पूर्व की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों को पॉवर ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री व्ही.के. श्रीवास्तव, रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री ए.के.तिवारी तथा उपमहाप्रबंधक श्री अजय श्रीवास्तव ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री व्ही.के. श्रीवास्तव ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुये राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में पॉवर कंपनी का नाम गौरवान्वित करने का आव्हान किया।

टेबिल टेनिस स्पर्धा के महिला एवं पुरूष डब्लस में शोभना सिंह, नमिता जैन, योगेश प्रधान, राजीव झा, को प्रथम तथा ईरा पंत, एस. मोइत्रा एवं अनुराग शर्मा, अशोक महेन्द्रू को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। स्पर्धा में निर्णायकों की कुशल भूमिका का निर्वहन अनुमन एवं स्वप्निल राय ने किया। खेल प्रतिवेदन क्रीड़ा परिषद के खेल सचिव श्री पी.के.खरे ने प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम का संचालन जनसम्पर्क अधिकारी श्री विजय मिश्रा ने किया।

## आदर्शिनी महिला क्लब का आनन्द मेला संपन्न

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी महिला क्लब रायपुर द्वारा गणतंत्र दिवस की संध्या पर आनंद मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन श्रीमती ट्रेसी जॉय उम्मेन जी के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी महिला क्लब द्वारा सामाजिक कल्याणकारी कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है, जो कि एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने सामाजिक सेवा हेतु समर्पण भावना को आर्थिक संसाधन की तुलना में महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती प्रीति सिंह तथा पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशकगण उपस्थित थे।

क्लब की अध्यक्षा श्रीमती शंकुतला चतुर्वेदी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये कहा कि आनंद वह धन है जो बांटने पर बढ़ते जाता है। इसी आदर्श को लेकर आनंद मेले के आय से गरीब, असहायजनों की



सेवा–सहायता की जाती है। क्लब की सचिव श्रीमती शारदा गुप्ता ने मंच का संचालन किया। अतिथियों का स्वागत क्लब की उपाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव, श्रीमती मृदुला मेंढेकर, श्रीमती कलसी, श्रीमती दिव्या पात्रीकर, श्रीमती दीपांजलि भालेराव आदि ने किया। मेले में कमल मुखर्जी के निर्देशन में सुमधुर गीत–संगीत की प्रस्तुति दी गई। देर रात तक उमंग और उल्लास के बीच संपन्न हुये मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांतो के पकवान का रसास्वादन दर्शकों ने किया।

# पॉवर कम्पनी में अंतर्क्षेत्रीय ब्रिज स्पर्धा संपन्न

## अंतर्क्षेत्रीय ब्रिज स्पर्धा में रायपुर विजेता कोरबा पश्चिम उपविजेता

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतर्क्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता का शुभारम्भ 13 जनवरी को विद्युत क्रीड़ा भवन डंगनिया में हुआ। स्पर्धा का उद्घाटन पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री व्ही.के. श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रिज एकाग्र मन–मस्तिष्क से खेला जाने वाला खेल है इससे दिमाग में ताजगी एवं स्फूर्ति आती है। अतः सभी खिलाड़ीगण एकाग्रचित्त होकर खेल भावना से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को दी गई है। इसका आयोजन माह मार्च में किया जायेगा।

प्रदेशभर के विद्युत कार्यालयों के बीच संपन्न दो दिवसीय स्पर्धा में रायपुर केन्द्रीय कार्यालय को विजेता एवं कोरबा पश्चिम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों को पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री जी. एस.कलसी ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने



विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।

ब्रिज स्पर्धा के विजेता टीम में सर्वश्री आर.के.तिवारी, डी.के. भालेराव, एल.के सेठी, डी.के.तुली, विमल मिश्रा, सुनील चंद्रवंशी तथा उपविजेता टीम में सर्वश्री के.पी.बेनर्जी, एम.एल,राठव, सुनील नायक, आर.के.आजाद, व्ही.के.मिश्रा, एम.एल.साहू शामिल थे। मास्टर पेयर इवेंट में श्री बी. मनोरिया एवं श्री ए.वी.कुलकर्णी पुरस्कृत हुए। स्पर्धा में निर्णायकों की कुशल भूमिका का निर्वहन श्री कथोरिया एवं श्री आर. मोहम्मद ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों का स्वागत श्री पी.के.खरे, श्री हेमंत सचदेवा, श्री विजय मिश्रा ने किया।

## कोरबा पूर्व में आनंद मेला एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस सप्ताह में आयोजित विभिन्न खेल–कूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह एवं प्रेरणा महिला मंडल द्वारा कोरबा पूर्व एवं क्षेत्रीय क्रीडा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आनंद मेला का आयोजन 06 फरवरी को सीनियर क्लब में किया गया। आनंद मेला का आयोजन कोरबा कलेक्टर श्री राजपाल सिंह त्यागी के गरिमामय आतिथ्य, कार्यपालक निदेशक डीएसपीएम. ताप विद्युत गृह श्री आर.डी.सोनकर, की अध्यक्षता एवं श्री सी.पी.पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक कोरबा पूर्व तथा मुख्य अभियंता कोरबा पश्चिम श्री एस.एन.अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। आनंद मेला में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के 15 स्टाल तथा मनोरंजन के 03 स्टाल लगाये गये थे। इस अवसर पर आर्केष्ट्र का आयोजन किया गया।

संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष श्रीमती हंसा अग्रवाल सहित प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व के अध्यक्षा श्रीमती सुधा सोनकर, उपाध्यक्षा फेविया जुडा, एवं श्रीमती मोहनी पाण्डेय सचिव श्रीमती सिन्धु मोदी सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। आनंद मेला के अवसर पर अतिथियों ने आनंद मेला में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर कोरबा पूर्व के कर्मियों के उज्जवल भविश्य की कामना की तथा आयोजन में पूरे समय उपस्थित रहकर आयोजको का उत्साहवर्धन किया।

आनंद मेला के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस सप्ताह में आयोजित विभिन्न खेल–कूद प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के अध्यक्ष श्री अनिल धर एवं कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. बारले ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सीनियर क्लब के सचिव श्री ए.के.सिन्हा, एवं श्री सरना का विशेष योगदान रहा।

# सेवानिवृत्त एमडी श्री चतुर्वेदी एवं ईडी श्री श्रीवास्तव की भावभीनी विदाई

## एमडी ट्रेडिंग श्री व्ही.के.श्रीवास्तव को जनरेशन कंपनी का अस्थाई प्रभार



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर जनरेशन कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.पी.चतुर्वेदी एवं वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वाणिज्य) श्री व्ही.के.श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति पर उन्हें 28 फरवरी को भावभीनी विदाई दी गई। कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवा भवन के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव–कंपनी अध्यक्ष श्री पी0जॉय उम्मेन ने विदा लेते अधिकारियों के मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारी द्वय श्री चतुर्वेदी एवं श्री श्रीवास्तव को विदाई समारोह में प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक भेंट प्रदान किया। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक का कार्यभार अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक राज्य शासन के आदेशानुसार ट्रेडिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री व्ही.के. श्रीवास्तव को सौंपा गया है। श्री श्रीवास्तव ने इस हेतु राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये उत्पादन संकाय के कार्यों को तेजी से बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

विदाई समारोह में प्रबंध निदेशक सर्वश्री एस.एन.चौहान, व्ही.के.श्रीवास्तव, जी.एस.कलसी एवं अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्तजनों को शुभकामनायें दी। उनके जीवन परिचय पर कार्यपालक निदेशक श्री जी.एल.बिजौरा एवं श्री बी.के. सक्सेना ने प्रकाश डाला।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री उम्मेन ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने से लेकर जीरो पॉवर कट स्टेट का दर्जा दिलाने में विद्युत अधिकारियों का सहयोग अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। विशेषकर विद्युत उत्पादन तथा नई विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में प्रबंध निदेशक श्री चतुर्वेदी की सेवाओं को उत्पादन संकाय के अधिकारियों के लिये उन्होंने प्रेरक निरूपित किया। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपनी सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अपनी सफलतम सेवा का आधार बताया।

## पॉवर कंपनी मुख्यालय में सुरक्षा कर्मी श्री शर्मा की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय के सुरक्षा विभाग में सेवारत श्री शेषनारायण शर्मा को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य सुरक्षा एवं अग्निशमन अधिकारी श्री सी.एस. ठाकुर ने कंपनी द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीकात्मक भेंट श्री शर्मा को प्रदान करते हुये कहा कि सुरक्षा विभाग के महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा अन्य कर्मचारी इनसे लेकर विभाग का नाम रौशन करेंगे। इसी क्रम में जनसम्पर्क अधिकारी श्री विजय मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी श्री आर.के.साहू, एस. आर.कुमार, मोहम्मद कासिम(चाचा), मेजर मजबूत सिंह ने शुभकामनायें व्यक्त करते हुये सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग की ओर से देय स्मृति उपहार श्री शर्मा को भेंट किया।

विदाई समारोह में श्री शेषनारायण शर्मा ने अधिकारियों/कर्मचारियों से मिले सहयोग को ही अपने 30 वर्षीय सफल कार्यकाल का प्रबल आधार बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन "चाचा" मोहम्मद कासिम ने किया। सेवानिवृत्त हो रहे श्री शर्मा का अभिनंदन श्री आर.के.पाण्डे, दिलीप अग्रवाल एवं अन्य कर्मियों ने किया।



# आदर्शिनी महिला मंडल का मकर संक्राति–हल्दी कुंकुम कार्यक्रम सोल्लास संपन्न



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय स्थित महिला क्लब में आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा मकर संक्राति एवं हल्दी कुंकुम कार्यक्रम का आयोजन सोल्लास संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ क्लब की अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला चतुर्वेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। क्लब की सदस्यों ने एक दूसरे को हल्दी कुंकुम लगाकर उपहार प्रदान किये। इस अवसर पर अनेक मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम में रंगोली सजावट स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती सोनिया बघेल, श्रीमती नीलम भोई, श्रीमती सुषमा तिवारी, श्रीमती अर्चना कुलकर्णी तथा श्रीमती प्रभा कटियार द्वारा आकर्शक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सचिव श्रीमती शारदा गुप्ता, सह–सचिव श्रीमती दीपांजली भालेराव, कोषाध्यक्ष श्रीमती दिव्या पात्रीकर तथा आशा शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन हाऊजी के खेल के साथ हुआ।

# एवार्ड कमेटी द्वारा गणतंत्र दिवस पर कोरबा पूर्व के कर्मियों का सम्मान



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व के एवार्ड कमेटी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोरबा ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में कार्यरत कर्मियों एवं खेल प्रतिभाओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कोरबा पूर्व में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में एवार्ड कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यपालक निदेशक उत्पादन श्री सी.पी.पाण्डेय ने कोरबा पूर्व के 20 कर्मियों को स्वर्णमंडित रजत, पदक, 30 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र 04 समूहों को ग्रुप एवार्ड तथा 10 खेल प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

विद्युत गृह क्रमांक 2 प्रवर्तन से श्री देवनारायण साहू, प्रवर्तन 3 से श्री बी.के.पाटील, ओ.पी.रात्रे, एम.एम.3 से श्री दूजराम, टी.पी.राठौर, एम.एम.–3 से राकेश जैन, एस. आर.धूर्वे एवं धनश्याम पटेल, विद्युत परीक्षण एवं उप. 2 से के.एल.कश्यप, बी.एल.श्रीवास, इन्द्रपाल सिंह पैकरा, संतराम वर्मा, विद्युत परीक्षण एवं उप.3 से रामचन्द्र पिल्लई, सेवाएं वृत्त से विजय मेहरा, हेमंत कुमार, फिरतराम, सिविल वृत्त से एस.के.धवन,एम.पी.से जर्नादन मौर्य, एच.आर.डी.से बजरंगलाल कटकवार तथा वरिश्ठ लेखाधिकारी कार्या. से एल.पी.राठौर को पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

विभिन्न खेल कूद में राज्य एवं राश्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र निलय खरे, महेन्द्र कुमार यादव, कार्तिकेश शुक्ला, अश्विनी शुक्ला, ज्योति पाण्डेय, रूचिका वलनेकर, ऊर्जा मानिक, अंकित गुहा, कौशिल्या कंवर एवं आशिया खान को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह का संयोजन एवार्ड कमेटी के संयोजक एवं वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.पी.बारले ने किया जिसमें एवार्ड कमेटी समस्त सदस्य एवं सभी श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दुर्घटना से बचाव संबंधी कार्यशाला का आयोजन




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह की पहल पर कार्यपालक निदेशक रायपुर क्षेत्र ए.के. तिवारी के नेतृत्व में केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के समन्वय एवं औद्योगिक संबंध अधिकारी रघुवर दयाल सिंह के मार्गदर्शन में तनाव मुक्त जीवन व जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य पर केन्द्रित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दुर्ग शहर वितरण केन्द्र में एवं 5 जनवरी 2011 को तथा भिलाई में 11, 12 जनवरी को किया गया।

कार्यशाला के समापन दिवस पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक ए.के.तिवारी ने कहा कि विद्युत कंपनी में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पॉवर कंपनी के सभी कर्मियों के सहयोग और जागरूकता की आवश्यकता है। यह कर्मियों के साथ संस्था के लिए भी लाभदायी होगा। इसी क्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री यू.एस.उपाध्याय सहित श्री दीनानाथ वर्मा कल्याण अधिकारी रायपुर क्षेत्र तथा शिक्षा अधिकारी श्री कोमल सिंह ठाकुर ने भी प्रशिक्षण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।


दुर्ग तथा भिलाई के विभिन्न वितरण केन्द्रों के लगभग 50 कर्मियों ने प्रशिक्षिण शिविर का लाभ लिया। कार्यशाला में औद्योगिक संबंध अधिकारी श्री सिंह ने कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कार्यालयीन कार्यो में करने की महत्ता को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से बचाव संबंधी प्रशिक्षण कर्मियों के लिए बहुपयोगी सिद्ध होगा। कार्यशाला में श्री प्रशांत गजभिये ने वृत्त चित्रों को प्रसारण किया।

समापन अवसर पर अतिथियों का स्वागत कार्यपालन यंत्री ए.के. गौराहा, एच.के.साहू, सहायक यंत्री व्ही.के.शर्मा, टीएन बिजू, एन.के. मूर्ति, ए.के.बिजौरा, सुश्री निभा सोरी, डी मिल्लकार्जुन, एन.पी.वर्मा, जी. एस.चौबे, दीपक कटौटिया, जयंत देशमुख, ए.के.परगनिहा, श्रीमती सरोज तिवारी, दुर्गेश नंदनी देवांगन, आर.के.सहारे बी.एस. चंदेल, एम. आई. सिद्दकी, डी.एस.ठाकुर, के.आर. रघाटाटे ने किया। कार्यशाला में अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.अवस्थी एवं श्री बजरंगी मिश्रा कार्यपालन अभियंता श्री ए.के.लकेरा, श्री एस.आर.बी.खण्डेलवाल ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेट किया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने किया।

# जगदलपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस सोल्लास मनाया गया

जगदलपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में 26 जनवरी 2011 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री कैलाश नारनवरे के कर कमलों ध्वजारोहण किया गया। प्रतिवर्षानुसार क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट/विशिष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों में सर्वश्री के.के.साव सहायक अभियंता (संचारण एवं संधारण) उपसंभाग दंतेवाड़ा, श्री अब्दुल शफीक अनुभाग अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय, श्री यू.के.अधिकारी कार्यालय सहायक श्रेणी–एक क्षेत्रीय कार्यालय एवं श्री एच.के.झा कार्यालय सहायक श्रेणी–एक क्षेत्रीय लेखा कार्यालय जगदलपुर को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर मुख्य अभियंता श्री नारनवरे द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अभियंता (जगदलपुर क्षेत्र) श्री नारनवरे ने बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए पुरस्कृत अधिकारियों/कर्मचारियों से प्रेरणा लेकर और अधिक सर्मपण और जिम्मेदारी की भावना से कार्य संपादित करने का आव्हान किया । उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बस्तर क्षेत्र हेतु परिचालक श्रेणी–तीन लाईन के (संविदा) पदों पर विशेष भर्ती के अभियान के तहत् 105 उम्मीदवारों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिये गये है साथ ही माह जनवरी 2011 में ही 70 कार्यालय सहायक श्रेणी–तीन के (संविदा) पदों पर भी विशेष भर्ती अभियान के तहत् नियुक्ति की जा चुकी है। उक्त भर्ती प्रक्रिया में बस्तर क्षेत्र के आवेदकों को विशेष प्राथमिकता भी प्रदान की गई।



क्षेत्र में गणतंत्र दिवस क्रीडा स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया एवं गणतंत्र दिवस के दिन दोपहर पश्चात् महिलाओं एवं बच्चों के खेल भी आयोजित किये गये एवं उक्त स्पर्धाओं का पुरस्कार वितरण समारोह भी संध्या

# "हसदेव ताप विद्युत संयंत्र में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन"

ऊर्जा का दुरूपयोग रोकने एवं इसकी दक्षतापूर्ण उपयोग हेतु राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता पैदा करने के लिए ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1990 से प्रारम्भ कर प्रत्येक वर्ष 14 दिसम्बर को "राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र, कोरबा–पश्चिम में भी 14 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण विषयक विभिन्न कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। संयंत्र के मुख्य अभियंता (उत्पादन) श्री एस.एन.अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि पुराने विद्युत उपकरणों में अधिक विद्युत का खपत होता है उसके स्थान पर स्टार रेटींग वाला या "आई.एस.आई" मार्क वाला ही विद्युत उपकरण का उपयोग करना चाहिए जिसमें अपेक्षाकृत विद्युत का कम खपत होता है। प्रकाश के लिए साधारण बल्ब के स्थान पर सी.एफ.एल. मर्करी वैपर लैम्प के स्थान पर सोडियम वैपर लैम्प तथा ट्यूब लाईट में पुराने चोक के स्थान पर इलेक्ट्रानिक ब्लास्ट (चोक) का उपयोग अधिक बिजली बचाता है। आगे उन्होंने बताया कि फ्रिज, एयर कंडीशनर, एयर कुलर, रसोई गैस, कम्प्युटर, जीप–मोटर साइकिलें का निर्माण अब नई तकनीक से ऊर्जा दक्षता का ध्यान रखते हुए स्टार लेवल ग्रेडिंग को दर्शाते हुए हो रहा है जिसका उपयोग करने से काफी ऊर्जा का बचत होगा जो अपने हित एवं देशहित में भी जरूरी है।

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष आवासीय परिसर स्थित सभी छः विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच भी ऊर्जा संरक्षण विषयक चित्रकला, वाद–विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके परिणामरूवरूप ऊर्जा कार्यकुशलता ब्यूरो, भारत सरकार नई दिल्ली के माह निदेशक डॉ0 अजय माथुर द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ। परिसर के महिलाओं के बीच भी ऊर्जा संरक्षण विषयक विभिन्न कार्यक्रम कराये गये जिसका संचालन श्रीमति डॉ. ज्योति श्रीवास्तव




वरिष्ठ रसायनज्ञ द्वारा किया गया, जिसमें घरों में ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपाय बताये, साथ में श्रीमती श्रीवास्तव द्वारा एक प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी 40 प्रतियोगियों को संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती हंसा अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

ऊर्जा संरक्षण के अधिक प्रचार–प्रसार के लिए इस कार्यक्रम के आयोजक श्री आर. सी. राय, अधीक्षण यंत्री (दक्षता प्रकोष्ठ) द्वारा संकलित एक पुस्तिका का भी अनावरण उद्घाटन समारोह में मुख्य अभियंता के कर–कमलों द्वारा हुआ। 22 दिसम्बर दोपहर 12 बजे समापन समारोह हुआ जिसमें सप्ताहभर के कार्यक्रमों में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अभियंता (उत्पादन) श्री एस.एन.अग्रवाल, अति. मुख्य अभियंता (संचारण एवं संधारण) श्री एस.आर.जायसवाल, अति. मुख्य अभियंता (सिविल) श्री आर.के.कनवर एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री ए.के.मेहता द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। सप्ताह भर चले कार्यक्रमों का सफल संचालन डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव अति. मुख्य रसायनज्ञ द्वारा किया गया। इस आयोजन का समापन श्री आर.सी.राय, अधीक्षण अभियंता (दक्षता प्रकोष्ठ) के आभार ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ।

## एकता का सूत्र

एक बार कक्षा में शिक्षक भूगोल पढ़ा रहा थे, उन्होंने भारत का मानचित्र दिवाल पर लटकाकर सभी छात्रों को अलग–अलग राज्यों की विशेषता, संस्कृति व राज्य के संबंध में बता रहे थे, तत्पश्चात् छात्रों से कहा तुम सब इसको एक बार–बारी से आकर मानचित्र देखें और समझे। तब सभी छात्रों ने एक साथ पटल के पास आकर छीना झपटी चालू कर दी, जिससे मानचित्र के टुकड़े–टुकड़े हो गये। तब शिक्षक ने कहा तुमने मानचित्र फाड़ा है, फाड़े हुए मानचित्र को जोड़ो, तब छात्रों ने जोड़ने बहुत प्रयास किया, किन्तु मानचित्र नहीं जुड़ा फिर स्वयं शिक्षक भी आये उन्होंने भी एक–एक टुकड़ा उठाकर उसे जोड़ना चाहा परन्तु मेहनत व्यर्थ हो गई, उसी समय उनकी दृष्टि एक कोने में बैठे छात्र पर गई उसने उन्हें डाटकर बुलाया और उसे कहा कि तुम्हें अब यह सजा है कि तुम अकेले ही मानचित्र जोड़ोगे तब वह छात्र उठकर एक–एक टुकड़े को उल्टा कर जोड़ने लगा, सभी छात्र सोचने लगे कि कितना बुद्धु है, मानचित्र को उल्टा करके जोड़ रहा है किन्तु उस छात्र ने (सभी छात्रों की) उनकी बाते न सुनते हुए एकाग्र होकर मानचित्र को मनः पूवर्क जोड़ने लगा, इस तरह पूर्ण मानचित्र तैयार हो गया और शिक्षक को सौंप दिया तब शिक्षक ने फटे हुए मानचित्र जो सभी छात्र मिलकर न कर सके, को उसने मनःपूर्वक एकाग्रचित होकर किया उसके संबंध में शाबासी देते हुए कहा कि इतना मुश्किल काम तुमने इतना आसान कैसे कर दिया, तब छात्र ने कहा कि मैंने मानचित्र के फटे टुकड़े पर एक–एक आदमी को जोड़ा हैं मानचित्र को नहीं, शिक्षक भी आश्चर्य चकित हुए और कहा कि "आज सारे राष्ट्र के मानव इसी फटे टुकड़ों की तरह जुड़ जायें तो निश्चित ही राष्ट्र की तरक्की होगी"।

**" हम होंगे कामयाब–हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब एक दिन" जब मन में है विश्वास पूरा है विश्वास'........"**

**संकलित – नैना चौबल, कार्या.सहा.श्रेणी–दो**

**"TWO WORDS THAT CAN CHANGE THE WAY WE APPROACH LIFE"
CAN I & I CAN, THINK WHICH OPTION U WOULD LIKE TO CHOOSE."**

# अंतर्क्षेत्रीय शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन प्रतियोगिता आयोजित

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी रायपुर द्वारा शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन प्रतियोगिता का दायित्व राजनांदगांव क्षेत्र को सौंपा गया था। जिसका सफल आयोजन 27 जनवरी एवं 28 जनवरी 2011 को वेसलियन हायर सेकेण्डरी स्कूल, राजनांदगांव के सभागृह में किया गया, आयोजन का शुभारंभ शक्ति के देवता बजरंगली के तैल्य चित्र पर मार्ल्यापण कर एवं दीप प्रज्जवलित श्री एल.एन.इरंकी, मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) एवं श्री आई.एन.कैथवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता, राजनांदगांव वृत्त, श्री एम.जी.के.राव अधीक्षण अभियंता (कार्या.) एवं श्री बी.के.कुमरे, कार्यपालन अभियंता (निर्माण), राजनांदगांव के द्वारा किया गया।

इस प्रतियोगिता में बिलासपुर क्षेत्र, कोरबा पूर्व/पश्चिम, रायपुर क्षेत्र, रायपुर मुख्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। शरीर सौश्ठव के प्रथम ग्रुप में श्री राजेन्द्र दुरूगकर, रायपुर मुख्यालय, प्रथम श्री एन.के.दीवान रायपुर मुख्यालय द्वितीय श्री बी.के.श्रीवास्तव कोरबा पश्चिम तृतीय रहे। द्वितीय ग्रुप में श्री राकेश नायक रायपुर क्षेत्र प्रथम श्री एन.के.पटेल रायपुर मुख्यालय द्वितीय श्री मनीष श्रीवास्तव कोरबा पश्चिम तृतीय रहे। तृतीय ग्रुप में श्री बलराम वस्त्रकार, रायपुर क्षेत्र प्रथम श्री राजेश्वर श्रीवास, रायपुर क्षेत्र द्वितीय एवं श्री आर.के.पाटकर कोरबा पश्चिम तृतीय रहे। चतुर्थ ग्रुप में श्री जावेद खान रायपुर क्षेत्र प्रथम श्री तीजुराम नेताम रायपुर क्षेत्र द्वितीय एवं श्री रजनीश जांगड़े, कोरबा पश्चिम तृतीय स्थान पर रहे। टीम चैम्पियनशिप कोरबा पश्चिम को एवं रनरअप रायपुर क्षेत्र रहा। श्री




बलराम वस्त्रकार, रायपुर क्षेत्र ने शक्तितोलन के तीनों इवेक्ट्स में सर्वाधिक वजन उठाकर सर्वश्रेष्ठ शक्तितोलक का खिताब जीता।

उक्त प्रतियोगिता के केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में श्री डी.डी. चंदेल उपस्थित थे जिन्होंने प्रतियोगिता के दौरान अखिल भारतीय विद्युत मंडल शक्तितोलक प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के टीम का चयन किया। छत्तीसगढ़ शरीर सौष्ठव संघ के उपाध्यक्ष श्री पुरूशोत्तम अजमानी ने पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में अपनी विशेष उपस्थित दी। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राज्य स्तरीय निर्णायक सर्वश्री अशोक श्रीवास, तामेश्वर बंजारे बसंत मैगी एवं संघरत्न गेड़ाम और अधिकर उपास्थित रहकर अपनी सेवाये दी।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अशोक पिल्लई, कल्याण अधिकारी ने एवं आभार प्रदर्शन श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त द्वारा किया गया।

## ऊंचा स्थान

वट वृक्ष के नीचे एक दार्शनिक अपने एक शिष्य के साथ बैठा था। शिष्य ने कहा, '' यह वृक्ष कितना पक्षपाती है। देखिए, नीचे की टहनियां मोटी हैं और ऊपर की पतली। इसका अर्थ यह है कि वृक्ष पोषक तत्वों का वितरण समान रूप से नहीं करता।'' दार्शनिक ने जवाब दिया, '' वत्स, तुम्हारा विचार सही नहीं है। यह सत्य हैं कि जड़े पोषक तत्वों को एकत्रित करती हैं और अन्य जितनी भी शाखांए हैं वे उनसे पोषक तत्व ग्रहण करती है। जो मोटी शाखाएं हैं वे पोशक तत्व अधिक मात्रा में ग्रहण करती हैं पर वे शाखांए अधिक ऊंचा स्थान प्राप्त नहीं कर पातीं। ऊंचा स्थान उन्हीं को प्राप्त होता है जो कम से कम में संतुष्ट होना जानता है। ''पेड़ के बहाने शिष्य को जीवन के एक महत्वपूर्ण रहस्य का ज्ञान मिल गया।

• • • •

एक बार सिंकदर किसी कारण से अपने सेनापति से नाराज हो गया। उसने उसे सूबेदार बना दिया। सिकंदर ने सोचा कि इतना छोटा पद पाकर सेनापति अपमानित महसूस करेगा और घुल–घुलकर मर जाएगा। एक दिन उसने सेनापति को बुलाया। सेनापति को पहले से कहीं ज्यादा स्वस्थ और प्रसन्न देखकर सिंकदर हैरान रह गया। उसने पूछा, ''तुम इतना खुश कैसे दिखाई दे रहे हो ?'' उसने जवाब दिया, ''पहले जब मैं सेनापति था तो सैनिक मुझसे बात करने से कतराते थे। मैं भी पद की मर्यादा का ध्यान रखकर उनसे संवाद करने से बचता था। पर अब कोई संकोच नहीं रहा। मैं उनसे खुलकर बात करता हूं। वे अब भी मेरा सम्मान करते हैं और हम एक–दूसरे की सेवा में लगे रहते है। मैं समझ गया हूं कि सम्मान पद से नहीं मिलता, बल्कि अपने स्वभाव से मिलता है। जिसमें थोड़ी भी मानवीयता होगी उसे सारी दुनिया आदर और स्नेह देगी। मैं पहले भी संतुष्ट था और आज भी हूं क्योकि मेरे लिए मानवता सबसे बड़ी चीज है।'' सिंकदर इस जवाब से बेहद प्रभावित हुआ। उसे अपने फैसले पर पश्चाताप हुआ और उसने उसे फिर से अपना सेनापति बना लिया।

**भूल सुधार**

गृह पत्रिका संकल्प के माह नवंबर–दिसंबर 2010 के अंक में पृष्ठ 19 में श्रमिकों के खेलकूद में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह अव्वल विषय से प्रकाशित समाचार के अंतर्गत त्रुटिवश पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री बनवारी लाल अग्रवाल के स्थान पर श्री बनावारी लाल पुरोहित प्रकाशित हो गया है , जिसका हमें खेद है । संपादक संकल्प

# कोरबा पश्चिम स्थित विद्युत गृह विद्यालयों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम





कोरबा पश्चिम स्थित विद्युत गृह विद्यालयों का वार्षिकोत्सव 13 जनवरी 2011 को कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री एस.एन. अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, श्री एस.आर.जायसवाल अति. मुख्य अभियंता की अध्यक्षता एवं श्री के.पी.बेनर्जी मुख्य रसायनज्ञ तथा शिक्षा समिति के सचिव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आवासीय परिसर स्थित हजारों अभिभावकों की उपस्थिति में छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसकी सभी दर्शकों द्वारा भूरी–भूरी प्रशंसा की गई।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एस.एन.अग्रवाल ने 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों/शिक्षिकाओं– श्री शकील अहमद, श्रीमती सुषमा सिन्हा श्री पी.तिवारी, श्रीमती अलका दवे, श्रीमती छाया बेडेकर, श्री डी.एस.श्रीवास को शाल एवं श्री फल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सत्र पर्यन्त विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्याख्याता/शिक्षकों–श्री आर.एन.अग्रवाल (प्रशासनिक कार्य हेतु) श्री आर.के.सिन्हा (इको क्लब के क्षेत्र में) श्रीमती गीता शर्मा (सांस्कृतिक कला के क्षेत्र में) श्री दिनेश कुमार रायचा (विज्ञान मेले के क्षेत्र में) को भी शाल एवं श्री फल देकर सम्मानित किया गया।

राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में स्थान बनाकर विद्यालय को गौरान्वित करने वाले, विद्यालय के होनहार छात्र कु. मेधा चन्द्रा एवं कु. प्रियंका पटेल को कैरम में, कु. प्राची अग्रवाल एवं अविनाश बंजारे को विज्ञान मेले में कु. माधुरी देश, कु. मनीशा विश्वकर्मा, आमोश मसीह को ताइक्वान्डों में श्रेश्ठ प्रदर्शन हेतु ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

06 जनवरी 2011 को विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती संगीता रावत एवं श्रीमती अलका दवें के कुशल मार्गदर्शन में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र अविरल शर्मा ने स्वयं निर्मित नन्हे हेलिकाप्टर का ग्लाइडिंग कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसी अवसर पर विद्यालय में अंतर्शालेय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों ने हिस्सा लिया। विद्युत गृह उ.मा.वि. दर्री विजेता टीम रही। श्रीमती गीता शर्मा द्वारा क्विज प्रतियोगिता के प्रश्न तैयार किये गये थे एवं कार्यक्रम का संचालन श्री आर.के.सिन्हा द्वारा किया गया।

पढाई के साथ विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय की इस उपलब्धि के लिये मुख्य अभियंता श्री एस.एन.अग्रवाल, अति.मुख्य अभियंता श्री एस.आर.जायसवाल एवं शिक्षा समिति के सचिव श्री के.पी.बनर्जी ने प्राचार्य श्री बी.एल.चन्द्राकर, प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन कर रहे श्री आर.एन.अग्रवाल सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को अपनी शुभकामनायें एवं बधाई दी।

## बिलासपुर में "संगीत की सुरमयी संध्या की प्रस्तुती"

गणतंत्र दिवस सप्ताह समारोह पर एक सुरमयी संध्या का आयोजन बिलासपुर में 29 जनवरी 2011 को श्रम कल्याण भवन, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी तिफरा में किया गया। बिलासपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता, श्री जे.पी.सिंह की अध्यक्षता एवं श्री एस.एन.गोमे, कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन में विद्युत कंपनी के कलाकारों ने सुरमयी संगीत की सफल प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ वीणादायिनी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं वंदना से किया गया। श्री तानसेन बोस एवं श्रीमती बानी नंदी ने सरस्वती वंदना एवं फिल्म "कर्मा" तथा श्री कमलेश शुक्ल ने फिल्म "काबुलीवाला" के देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

सर्वश्री टी.के.मेश्राम, अधीक्षण यंत्री, हरीश मगर ओम, व्ही. सुभाष शर्मा, अचित्य बोस, गौतम चटर्जी तथा एम.एल. नरसिंघम के साथ ही साथ श्रीमती एस.रागिनी, संगीता नायडू, अंजलीना राज, निर्मला ध्रुव ने पुराने फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। वाद्ययंत्रों पर सर्वश्री मधूसुदन अडवे, शशिकांत दुबे, पीटर एवं सजा नागपुर ने संगत की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन श्री महेश श्रीवास ने किया। मुख्य अभियंता श्री सिंह ने बताया कि वे ग्राम–नरियरा के प्रसिद्ध संगीत मर्मज्ञ स्व. श्री भानुप्रताप सिंह के वंशज है। अतः उनकी संगीत में रूचि स्वाभाविक है। कलाकारों को प्रोत्साहित करने उन्होंने पुरस्कार देने की घोषणा की। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारीगण सर्वश्री पी.एम.राव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, के.एस. भंडारी, आर.एस.पाण्डेय, टी.के. मेश्राम अधीक्षण यंत्री सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण शाखा में कार्यरत श्री नरेश भवसार का भी सहयोग सराहनीय रहा।

# हसदेव ताप विद्युत गृह, में गणतंत्र दिवस समारोह





हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम में गणतंत्र दिवस पर श्री एस.एन.अग्रवाल, मुख्य अभियंता (उत्पादन) द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री एस.एन. अग्रवाल, मुख्य अभियंता ने इस अवसर पर श्री हीरालाल कंवर, लोकनाथ चंद्रा, श्री निर्मल कुमार ठाकुर, रमाकान्त उपाध्याय, गुमान सिंह एवं श्री सी.पी. कश्यप को कंपनी मुख्यालय से प्रेषित ट्राफी एवं प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित किया, जबकि श्री संजय शर्मा, कार्यपालन अभियंता को कंपनी मुख्यालय रायपुर में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 76 अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्थानीय स्तर पर मुख्य अभियंता द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

श्री अग्रवाल ने कहा कि सभी कर्मियों की उत्कृष्ट कार्यशैली एवं अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि हमारे संयंत्र ने निरन्तर विद्युत उत्पादन के कीर्तिमान बनाते हुये देश के सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृहों में अपनी पहचान स्थापित कर ली है मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम वित्तीय वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्य को पाने में अवश्य सफल होंगे।

गणतंत्र समारोह में विद्यालयीन छात्र/छात्राओं द्वारा सुरक्षा विभाग के नेतृत्व में परेड की तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कु. मधुलता महंत तथा मास्टर भोला साहू, कक्षा आठवी में कु. आकंक्षा कश्यप को 96.2 प्रतिशत, कक्षा दसवीं में मास्टर पियूश राजपूत को 92.66 प्रतिशत तथा कक्षा बारहवीं में मास्टर सुजीत कुमार गुप्ता को 93.6 प्रतिशत के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

समारोह में श्री एस.आर.जायसवाल, श्री आर.के.कनवर, श्री ओ.सी.कपिला, श्री ओ.पी.ओझा, श्री ए.के.मेहता, श्रीमती हंसा अग्रवाल, अध्यक्षा श्रीमती माया जायसवाल, उपाध्यक्षा संकल्प महिला मण्डल श्रीमती कनवर एवं श्रीमती कपिला की गरिमामय उपस्थिती रही। सर्वश्रेश्ठ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सर्वश्रेश्ठ परेड के लिए भी विद्यालय के छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन श्री पी.के.दबे वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

## महिला मण्डल का आनंद मेला उत्सव

हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम, रविन्द्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) में संकल्प महिला मण्डल द्वारा ''आनन्द मेला'' का आयोजन किया गया। मेले का मुख्य आकर्षण रहे विभिन्न प्रांतो के स्वादिष्ट व्यंजन जिन्हे महिला मंडल की सदस्याओं ने लजीज बनाने में अपना भरपूर कौशल दिखाया। मेले में श्री एस.एन.अग्रवाल (अध्यक्ष सीनियर क्लब) एवं श्री एस.आर. जायसवाल (उपाध्यक्ष सीनियर क्लब) तथा आनंद मेला के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्री आर.पी.एस. त्यागी जी एवं विशिष्ट अतिथि एस.पी.श्री डांगी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजको का उत्साहवर्धन किया।

आनंद मेले के सफल आयोजन में अध्यक्षा श्रीमती हंसा अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती माया जायसवाल, श्रीमती अंजलि मेहता, श्रीमती पुश्पलता कपिला, श्रीमती परवीनबाला कनवर एवं श्रीमती अंजलि ओझा, सचिव श्रीमती निहारिका शर्मा, कोशाध्यक्षा श्रीमती एस.पदमजा राव, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती दीपाली श्रीवास्तव, खेल सचिव श्रीमती सरिता चौकसे, श्रीमती सूर्यकांता कश्यप तथा संयुक्त सचिव श्रीमती गीता श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा। आनंद मेले के आयोजन में सीनियर क्लब के सदस्यों ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया।



# अंबिकापुर क्षेत्र में अंतर क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता का सफल आयोजन



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतर क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 09 फरवरी से 11 फरवरी 2011 तक अंबिकापुर क्षेत्र में किया गया। नगर निगम के "पण्डित रेवती रमन मिश्र भवन" में सम्पन्न हुई, प्रतियोगिता में विद्युत कंपनी के पांचों क्षेत्रीय मुख्यालय सहित उत्पादन संकाय के लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपने खेल प्रतिभा का परिचय दिया। जिसमें रायपुर सेन्ट्रल आफिस, रायपुर क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र, जगदलपुर, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम की टीमों ने अपनी हिस्सेदारी दी। प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला वर्ग के एकल, डबल एवं टीम चैम्पियनशिप पर आधारित थी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अंबिकापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री शारदा सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा नगर निगम उच्चतर माध्यमिक शाला, अंबिकापुर के प्राचार्य श्री विनोद सिंह के विशिष्ट आतिथ्य एवं अधीक्षण यंत्री श्री व्ही.आर.मौर्या की अध्यक्षता में सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

प्रतियोगिता में टीम चैम्पियनशीप का खिताब कोरबा पश्चिम की टीम ने जीता तथा कोरबा पूर्व की टीम उपविजेता रही। महिला एकल में बिलासपुर क्षेत्र की श्रीमती संध्या गोस्वामी, विजेता, एवं रायपुर क्षेत्र की सुश्री आर कोसी, उपविजेता रही। महिला युगल में रायपुर सेन्ट्रल की श्रीमती डी. ललीता एवं कु. एम.के.जब्बल की जोड़ी ने बाजी मारी जबकि दूसरे स्थान पवर बिलासपुर क्षेत्र की श्रीमती संध्या गोस्वामी एवं श्रीमती आरती बनर्जी रही।

पुरूष एकल वर्ग में कोरबा पश्चिम के आर.पी.लोधी ने खिताब पर कब्जा किया जबकि श्री आलोक गुहा, कोरबा पूर्व उपविजेता रहे। पुरूश युगल में विजेता कोरबा पश्चिम के आर.पी.लोधी एवं तसलीम मोहम्मद तथा कोरबा पूर्व के एस. स्वामी एवं मकसूद खान उपविजेता रहे। प्रतियोगिता के सम्पूर्ण मैच को तकनीकी रूप से सम्पन्न कराने हेतु श्री एस.के.श्रीवास्तव (कोरबा पश्चिम) एवं श्री राजेन्द्र पागे (कोरबा पूर्व) का विशेष योगदान रहा।

प्रतियोगिता का समापन 11 फरवरी 2011 को हुआ जिसमें समारोह के मुख्य अतिथि श्री विनोद सिंह, प्राचार्य नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंबिकापुर, कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री वि.आर.मौर्या, अधीक्षण यंत्री तथा विशिष्ट अतिथि श्री व्ही.के. सक्सेना, अधीक्षण यंत्री रहे, उन्होंने विजेताओं/उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया साथ ही प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वालो को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता का संयोजन श्री राजेश कुमार, कल्याण अधिकारी एवं श्री विजय गुप्ता, कार्या सहायक श्रेणी– एक द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री राजेश कुमार, कल्याण अधिकारी/क्षेत्रीय सचिव, क्रीडा एवं कला परिषद, अंबिकापुर ने किया।

कार्यक्रम का संचालन श्री जे.के.श्रीवास्तव, कार्या.सहा.श्रेणी–दो द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष सहयोग सर्वश्री जे.पी.पटेल, अनिल त्रिपाठी, एन.के.वर्मा, पी.डी. तिग्गा, अविनाश नानवटी, विकास श्रीवास्तव, आर.डी.मजूमदार, व्ही.के. पटेरिया, आर.के.राजपूत, यतेन्द्र गुप्ता, आर.एन.गिरी, श्रीमती सरोज सर्वो, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती अंजु गुप्ता का प्राप्त हुआ।

## बिलासपुर में गणतंत्र दिवस समारोह



बिलासपुर क्षेत्र के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में श्री जे.पी. सिंह मुख्य अभियंता बिलासपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया एवं उत्कृष्ट कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री पी. एम.राव अति.मुख्य अभियंता एवं श्री आर.एस.पाण्डे एवं श्री के. एस.भंडारी अधीक्षण यंत्री एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में श्री आर के राव सहायक यंत्री विद्युत केन्द्र रायगढ़। श्री फणेश्वर यादव सहायक यंत्री विद्युत केन्द्र कुसमुरा। श्री व्ही. एल.देवांगन सहायक यंत्री विद्युत केन्द्र कोण्डातराई। श्री शिशिर कुमार यादव कार्या.सहा.श्रेणी–3 क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर। श्री तिलक राम पटेल, परि.श्रेणी–2 संचा–संधा संभाग–1 रायगढ़। श्री संजीव कुमार गहरवाल अटेण्डेउ ग्रेड–2 एसटीआरई. संभाग बिलासपुर को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

# अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 18 जनवरी से 21 जनवरी 2010 सी.एम.डी. कॉलेज के खेल परिसर बिलासपुर में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम एवं रायपुर मुख्यालय की टीमों ने भाग लिया जिसमें बिलासपुर क्षेत्र की टीम विजेता रही एवं मुख्यालय की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता का उद्घाटन के मुख्य अतिथि श्री एस.के.दुबे प्रभारी सी.एम.डी.कॉलेज बिलासपुर ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जे.पी.सिंह मुख्य अभियंता बिलासपुर क्षेत्र ने की

एकल मुकाबले में बिलासपुर क्षेत्र के श्री विजय खर्रा विजेता एवं श्री संजय वैद्य कोरबा पूर्व के उपविजेता रहे तथा युगल मुकाबले में श्री वीरपाल सिंह व श्री अब्राहम वर्गीस रायपुर मुख्यालय विजेता तथा श्री विजय खर्रा, श्री एस.के.गायकवाड़ बिलासपुर क्षेत्र के उपविजेता रहे तथा महिला वर्ग के एकल में श्रीमती अनिता सिंह कोरबा पश्चिम के विजेता संगीता नायडू, बिलासपुर क्षेत्र की उपविजेता रही महिला वर्ग युगल में श्रीमती संगीता नायडू एवं श्रीमती ईरा पंत बिलासपुर क्षेत्र की विजेता व श्रीमती अनिता सिंह व कु. डी.गोडपति कोरबा पश्चिम उपविजेता रही। वेर्टन टेबल टेनिस प्रतियोगिता एकल में श्री एस.के.पण्डा विजेता एवं श्री दिलीप सरकार उपविजेता युगल में श्री एस.के.पण्डा, श्री डी.के.गांगुली विजेता एवं उपविजेता दिलीप सरकार तथा श्री यू.एस. पाठक रहे।



प्रतियोगिता में से अखिल भारतीय विद्युत क्रीडा नियंत्रण मण्डल में शामिल हेतु श्री व्ही.के खर्रा, श्री एस.के.गायकवाड़ बिलासपुर क्षेत्र एवं श्री संजय वैद्य कोरबा पूर्व, श्री आई.एन. द्विवेदी एवं श्री नवीन ठाकुर मुख्यालय रायपुर चयनित किये गये। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन एवं स्वागत भाषण श्री एस.एन.गोमे सचिव क्षेत्रीय क्रीडा समिति ने किया। इस अवसर पर श्री पी.एम.राव अति.मुख्य अभियंता, श्री आर.एस.पाण्डे, श्री के.एस.भंडारी, श्री डी.के.भोजक, श्री डी. नन्दी अधीक्षण यंत्री उपस्थित थे तथा प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में सर्व श्री नरेश भावसार, श्री कमलेश सिंह, श्री के.व्ही.टी.राव, श्री एस. जूलूरी आलोक पिंगले का सराहनीय सहयोग रहा तथा कार्यक्रम का संचालन श्री महेश श्रीवास ने किया तथा आभार श्री एस.एन.गोमे कल्याण अधिकारी ने किया।

# कैरम प्रतियोगिता : दर्री की छात्रा कु. प्रियंका पटेल एवं मेघा चन्द्रा राष्ट्रीय स्तर हेतु चयनित



युवा एवं खेल विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर क्लब छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पश्चिम में आयोजित हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों से आये प्रतिभागियों में से विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक – 2 दर्री की छात्रा कु. प्रियंका पटेल कक्षा द्वादश एवं मेघा चन्द्रा कक्षा एकादश का चयन राष्ट्रीय स्तर हेतु किया गया। उक्त दोनों छात्राएँ राष्ट्रीय स्तर पर 28 दिसम्बर 2010 से देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के शत प्रतिशत अनुदान से संचालित विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक–2 दर्री कोरबा पश्चिम सन् 1984 से क्षेत्र का प्रतिष्ठित विद्यालय रहा है। इस विद्यालय में मंडल के कर्मचारियों के बच्चे अध्ययनरत है। प्रतिवर्ष इस विद्यालय से बच्चे इंजीनियरिंग, चिकित्सा तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों हेतु चयनित होते है। विद्यालय शिक्षा समिति के कुशल मार्गदर्शन के कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर न केवल विद्यालय अपितु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का गौरव बढ़ाया है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री एस.एन.अग्रवाल, विद्युत नगर शिक्षा समिति कोरबा पश्चिम के सचिव श्री के.पी.बनर्जी, कैरम एशोसियेशन के उपाध्यक्ष श्री सतीश श्रीवास्तव एवं प्राचार्य श्री बी.एल. चन्द्राकर तथा विद्युत गृह स्पोर्टस क्लब के संचालक श्री पी. तिवारी ने उक्त दोनो छात्राओं की उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# रायगढ़ वृत्त के अधिकारी/कर्मचारी पुरस्कृत




रायगढ़ वृत्त में विद्युत बिलों के वितरण, बकाया राशि की वसूली एवं उपभोक्ता सेवा में गुणात्मक बढ़ोतरी हुई है। इसी प्रकार लाइन लॉस के प्रतिशत में भी सतत कमी आई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के (संचारण/संधारण) वृत्त, रायगढ़ के अधीक्षण अभियंता श्री बी.के.नंदा के सफल नेतृत्व में पूरे वृत्त में कार्य संस्कृति में सुधार हुआ है। फलस्वरूप रायगढ़ वृत्त के अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस एवं राज्योत्सव के अवसर पर क्षेत्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिये चयनित किया गया जिनका विवरण निम्नानुसार है– **श्री सी0एस0सिंह, कार्यपालन यंत्री** (संचारण/संधारण) संभाग–एक, रायगढ़ द्वारा विद्युत चोरी को रोकने, विभागीय राजस्व की वसूली व्यवस्था में सुधार हेतु अथक परिश्रम करते हुये सफल कार्य किया गया। विद्युत चोरी में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध इनके नेतृत्व में सतत् कार्यवाही की गयी तथा रिमोट का उपयोग कर चोरी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश संभव हो सका तथा दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध एफ.आई. आर. दर्ज कराकर उन्हें पकड़ा गया जिसके अत्यन्त उज्जवल दूरगामी परिणाम प्राप्त होंगे। इस हेतु राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के रायपुर स्थित मुख्यालय में 26 जनवरी 2011 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। **श्री एस.के.साहू, सहायक यंत्री** को विद्युत चोरी रोकने, राजस्व की वसूली एवं विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु राज्य स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के रायपुर स्थित मुख्यालय में 15 अगस्त 2010 को स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। **श्री आर.के.राव, सहायक यंत्री** को विद्युत चोरी रोकने, विभागीय राजस्व की वसूली एवं विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु तथा विद्युत चोरी में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज कराने की कार्यवाही की गयी। इसी तरह **श्री व्ही.एल.देवांगन, सहायक यंत्री, श्री फणेश्वर यादव, सहायक यंत्री** कुसमुरा वितरण केन्द्र द्वारा विभागीय राजस्व की अभुतपूर्व वसूली की गयी। ऐसी उपलब्धियों के लिए इन अधिकारियों को 26 जनवरी 2011 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया गया है।

इसके साथ–साथ उत्कृष्ट सेवा कार्य एवं लाइन व्यवस्था के लिये **श्री कार्तिक राम यादव, लाइनमेन** को 01 नवम्बर, 2010 को राज्योत्सव के अवसर पर सम्मानित किया गया, **श्री वेदराम ठाकुर, मददगार** के बिलासपुर स्थित क्षेत्रीयय मुख्यालय में 15 अगस्त 2010 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एवं **श्री तिलक राम पटेल मददगार** का बिलासपुर स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में 26 जनवरी 2011 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किया गया।

# श्री जे.आर.कुलदीप, कार्यपालन अभियंता की विदाई



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी राजनांदगांव के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रशासनिक भवन में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त, कार्यपालन अभियंता श्री जे.आर.कुलदीप को उनकी अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर 31 जनवरी 2011 को भावभीनी विदाई दी गयी। सेवाकाल के दौरान इन्होंने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विकास में अपना योगदान दिया।

विदाई समारोह में श्री एल.एन.इरकी, मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) श्री एम. जामुलकर अधीक्षण अभियंता, राजनांदगांव संभाग, श्री बी.के.कुमरे, कार्यपालन अभियंता (एस.टी.आर.ई) श्री ओ.पी.बंछोर सहायक अभियंता (सिविल) श्री चिन्मय सेन, सहायक अभियंता (शहर), श्री हरीश जांगडे, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रशासनिक भवन में स्थित कार्यालयों के सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री जे. आर.कुलदीप को प्रतिकात्मक भेट एवं सेवानिवृत्ति पश्चात् देय भुगतानों धनादेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अशोक पिल्लई, कल्याण अधिकारी ने किया।

# ताप विद्युत गृहों के रीढ़ है रसायनज्ञ



अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान वर्ष के तत्वावधान में आयोजित प्रथम रसायन सम्मेलन, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा पूर्व के सीनियर क्लब में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.पी.चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य तथा कार्यपालक निदेशक श्री एम.बी.मेढ़ेकर के विशिष्ट आतिथ्य तथा श्री ए.के.मोहरीकर की अध्यक्षता में हुआ अतिथियों के स्वागत पश्चात रसायनों की तकनीकी स्मारिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से श्री एस.पी.चतुर्वेदी ने सम्मेलन की प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए रसायनज्ञों को विद्युत गृहों की रीढ़ की हड्डी निरूपित किया तथा विद्युत गृहों में रसायनज्ञों की उपयोगिता साबित करने वाली प्रथम संस्करण स्मारिका की चर्चा करते हुए उसे इस तरह के आयोजनों की पुनरावृत्ति का आव्हान किया।

सम्मेलन समिति के प्रमुख ए.के.मेहता ने रसायनज्ञों के द्वारा बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जाहिर करते हुए उनके निवारण के प्रभावकारी उपाय किये जाने पर विचार व्यक्त किया। एन.टी.पी.सी. के रसायन प्रमुख श्री बी. भट्टाचार्य, बालको के रसायन प्रमुख श्री एस.दास.गुप्ता, लैंकों के श्री एल.जेव्ही. सुब्ब राव के साथ पी.के. शैलेन्द्र, कोरबा पश्चिम, एचटीपीसी श्री के.पी.बेनर्जी तथा डीएसपीएम, ताप विद्युत गृह, डॉ. गोपाल दुबे द्वारा विद्युत गृहों के रसायन संबंधी समस्या व निदान पर तकनीकी वार्ता करने तथा विभिन्न संयंत्रों में कार्यरत रसायनज्ञों को आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में रसायन प्रध्यापक कु. तिवारी ने आने वाले समय में लगातार प्रदूषण के बढ़ते बोझो पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हवा और पानी में घुलते जा रहे जहर मानव संस्कृति के लिये घातक है तथा इस पर गंभीर चिंतन आवश्यक हैं पत्रिका के संपादक सदस्य डॉ. राजेश तिवारी ने कार्यक्रम को सफल निरूपित करते हुए रसायनज्ञों की निश्चित अवधि में लगातार सेमीनार करते रहने तथा समस्या व निदान के उपायों को लिखित रूप रखने की आवश्यकता बताते हुए आगामी सेमीनार यथाशीघ्र करने का संकल्प लिया तथा उपस्थितियों को आभार व्यक्त किया।

तकनीकी उद्बोधनों के मध्य मंडल के सेवानिवृत्त रसायनज्ञ आर.पी.चौरसिया द्वारा मोहक गजल प्रस्तुत कर सभा को रसमय बना दिया। सभा में कोरबा के औद्योगिक सभी उपक्रमों के रसायनज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन आयोजन के सूत्रधार तथा सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु श्री के.डी.दीवान को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन का सफल संचालन सुनील नायक द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सदस्य के.डी.दीवान, आर.के.राय, देवेश दुबे, जितेन्द्र सिंह, एल.पी.मिश्रा, राजेश तिवारी, ए.के.कुर्रे, रहटंगाकर, एम.ए.खान, के. के.खरे, सुधीर मिश्रा, लीना सिंगरौल, विभा करनाल, रश्मि मडांवी का सराहनीय सहयोग दिया।

## लो कैलोरी ब्रेक फास्ट स्पर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में लो कैलोरी ब्रेक फास्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा किया गया। स्पर्धा में क्लब की अध्यक्षा श्रीमती शंकुतला चतुर्वेदी एवं श्रीमती गार्गी अरोरा ने शरीर को सुडौल और फुर्तीला रखने जैसे तथ्यों पर केन्द्रित उत्कृष्ट प्रवृष्टि को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर श्रीमती चतुर्वेदी ने कहा कि आज के विलासितापूर्ण जीवन में व्याधि रहित जीवन एक कठिन कल्पना हो गई है। इसे बनाने रखने हेतु खान–पान में पौष्टिकता की नितान्त आवश्यकता है। ऐसे स्वास्थ्यवर्द्धक संदेश को व्यक्त करते हुये उक्त स्पर्धा में लो कैलोरीयुक्त श्रेष्ठ स्वादिष्ट व्यंजन की प्रस्तुति के लिये श्रीमती विदुला मेंढेकर प्रथम, श्रीमती जयंती निगम द्वितीय एवं श्रीमती निगम मेहता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करने में श्रीमती सपना जैन एवं श्रीमती उदया पाठक को सराहा गया। आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती कलसी, श्रीमती देशपाण्डे, श्रीमती भालेराव, श्रीमती सोनिया बघेल, श्रीमती निगम भादे, श्रीमती दिव्या पात्रीकर एवं शर्मा, तिवारी, कटीयार, श्रीदा श्रीवास्तव तथा कुलकर्णी की भूमिका सराहनीय रही।



# कोरबा पूर्व में कार्यपालक निदेशक श्री सी.पी.पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया

## विशिष्ट सेवा हेतु 55 संयंत्र कर्मी सम्मानित




कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ मुख्य आतिथ्य श्री सी.पी.पाण्डेय कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) श्री एन.एम.के.नाडिग, अति.मुख्य अभियंता एवं श्री ए.के.मोहरीकर, वरि.मुख्य.रसायनज्ञ द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि श्री एस.आर.रात्रे, सुरक्षा अधिकारी की अगुआई में परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व श्री आर.पी.मिश्रा, वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक ने किया। विद्युत गृह विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट श्रीमती मोहनी पांडे ने इस अवसर पर शांति के प्रतीक कबूतर एवं गुब्बारे आकाश में छोड़े।

कार्यपालक निदेशक श्री पाण्डे ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि कोरबा ताप विद्युत गृह अपनी लम्बी सेवाकाल के पश्चात भी निरंतर विद्युत उत्पादन कर रहा है। यह हमारे कर्मठ कर्मियों की कुशल कार्यशैली एवं उन्नत कार्य–संस्कृति का परिणाम है। इस पुराने विद्युत संयंत्र के सभी इकाईयों का समय–समय पर संधारण करते हुए अनवरत विद्युत उत्पादन कर रहे है। यह संयंत्र विद्युत उत्पादन संयंत्रों का आधार स्तम्भ है इसने मार्गदर्शक के रूप में नेतृत्व करते हुए प्रदेश की अन्य विद्युत उत्पादन संयंत्रों को स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। आज हमारे प्रदेश की ऊर्जा स्थिति सुदृढ़ हुई है जो इस संयंत्र के गौरवशाली कार्य संस्कृति एवं निष्ठावान कर्मियों के लगन एवं मेहनत का फल है। इस अवसर पर उन्होंने देश को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने में जुटे सभी कर्मियों के कार्यशैली एवं उन्नत कार्य–संस्कृति की प्रशंसा की।

कोरबा पूर्व के छः कर्मचारी श्री एस.डब्ल्यू. ताम्हनकर, श्रीमती दीप्ती भादे, एस.के. गोवशिंदे, हीरासाय राठौर, सी.पी.गोस्वामी, व्ही. एस.मनियन, को कंपनी मुख्यालय रायपुर की अनुशंसा पर प्रतीक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किये जाने पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया। गणतंत्र दिवस समारोह में विशिश्ट सेवा हेतु एवार्ड कमेटी कोरबा पूर्व द्वारा 20 कर्मियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र 22 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं 28 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसरपर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले 10 प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एन.एम.के. नाडिग ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री अनिल धर अधीक्षण अभियंता तथा सफल संचालन श्री एस.पी.बारले, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री आर.पी. मिश्रा सनत कुमार सिदार, एम.ए.अंसारी, शेखनईमूर रहमान एवं आई.एंडसी.के. कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## सांस्कृतिक संध्या एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोरबा पूर्व के श्रम कल्याण केन्द्र (जूनियर क्लब) में सांस्कृतिक संध्या एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कियागया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोरबा पूर्व के कार्यपालक निदेशक श्री सी.पी.पाण्डेय, के मुख्य आतिथ्य एवं श्री एन.एम.के.नाडिग तथा श्री अनील धर, अधीक्षण अभियंता कोरबा पूर्व की अध्यक्षता में "माँ सरस्वती की प्रतिमा" पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

सुर भारती संगीत समिति के कलाकारों की प्रस्तुति के पश्चात कोरबा पूर्व के श्री आलोक शर्मा तथा छात्र/छात्राओं के द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि श्रम कल्याण केन्द्र कर्मियों के बीच आपसी सद्‌भाव एवं मधुर औद्योगिक संबंध निर्मित करने का माध्यम है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन की अपेक्षा की।

कार्यक्रम का संचालन श्रमक ल्याण समिति के श्री एस.पी.बारले, वरि. कल्याण अधिकारी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य श्री गोपाल खण्डेलवाल, वरि. कल्याण अधिकारी, री एच.पी. शर्मा, श्री सत्येन्द्र दुबे, श्री मकसूद खान, श्री एच.एल.टंडन, श्री सुरेश किस्टोफर, केन्द्र सहायक श्री आर.पी.मिश्रा तथा श्री चन्द्रशेखर देवांगन, श्री शमीम खान, श्री सनत कुमार सिदार एवं श्री शेख नईमूर रहमान का सराहनीय सहयोग रहा।

# कोरबा पश्चिम में कैंसर परीक्षण एवं उपचार शिविर




हसदेव ताप विद्युत गृह चिकित्सालय कोरबा पश्चिम में कैंसर परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.पी. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें संजीवनी सी.बी. सी.सी. कैंसर चिकित्सालय रायपुर के विशेषज्ञों डॉ. युसूफ मेमन, डॉ. आशीष कुमार एवं उनके सहायक श्री रोहन ने रोगियों का विस्तृत परीक्षण किया एवं उपचार हेतु आवश्यक सलाह दी।

शिविर में कुल 28 रोगियों का परीक्षण विशेषज्ञों द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.आर.जी पिल्लई ने विशेष रूप से इस शिविर में उपस्थित रहकर अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। शिविर में श्री आर.डी.सोनकर, कार्यपालक निदेशक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व ने अपने उद्बोधन में कैंसर के बारे में फैली भ्रांतियों से न डरने की सलाह दी एवं सभा के अध्यक्ष श्री एस.एन.अग्रवाल ने इस लाभकारी शिविर की उपयोगिता पर अपने विचार रखे एवं इस प्रयास के लिये सभी लोंगो को धन्यवाद दिया।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी चिकित्सालय कोरबा पूर्व के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. एच. आर.पंसारी, डॉ. आर.जगन्नाथ एवं अन्य कर्मचारियों ने अपना सहयोग दिया एवं हसदेव ताप विद्युत गृह चिकित्सालय कोरबा पश्चिम के वरिश्ठ चिकित्साधिकारी डॉ.ए.के.वाजपेई, डॉ. के. एन.साहू, डॉ. श्रीमति एम.साहू, डॉ. आर.के.साहू, डॉ. श्रीमति इंदु साहू, एवं डॉ. श्रीमती शालिनी तिवारी तथा चिकित्सालय कर्मियों, स्टाफ नर्स श्रीमती मसीह, श्रीमती रंजन, श्री सरोज, श्री नौशाद अली एवं अन्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहयोग दिया एवं शिविर को सफल बनाया।

# राजनांदगांव क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी राजनांदगांव के क्षेत्रीय मुख्यालय प्रशासनिक परिसर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर श्री एल.एन.इरकी मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) के कर कमलों से ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के 6 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिये क्षेत्रीय स्तर पर स्मृति देकर सम्मानित किया गया एवं मुख्य अभियंता द्वारा कंपनी अध्यक्ष महोदय के गणतंत्र दिवस संदेश वाचन किया गया।

इस राष्ट्रीय पर्व पर सर्वश्री के.एस. मरकाम, कनिष्ठ अभियंता, अतरिया वितरण केन्द्र (खैरागढ़ संभाग), श्री मनराखनलाल साहू परि. श्रेणी–एक एसटीएम. संभाग, राजनांदगांव श्री तुलसीदस घृतलहरे, परि.श्रेणी–दो, पंडरिया वितरण केन्द्र (कवर्धा संभाग) एवं श्री भूखनलाल ताम्रकार, भृत्य एल.बी.नगर वितरण केन्द्र (डोंगरगढ़ संभाग) को सम्मानित किया गया। पदकों से सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाईयां एवं शुभकामनाएं देते हुए कंपनी हित में और अधिक समर्पण भाव से कार्य करने का आव्हान श्री एल.एन. इरकी मुख्य अभियंता द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कंपनी को शीर्ष पर ले जाने के लिये हमें और अधिक लगन से कार्य करना है और कंपनी के उन्नति एवं दृढ़ता में ही कर्मचारी का हित है। ध्वजारोहण समारोह में सर्वश्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता, (राजनांदगांव वृत्त), एम.जी. के.राव, अधीक्षण अभियंता (कार्यालय) जे.आर.कुलदीप, कार्यपालन अभियंता (एसटीएम) बी.के. कुमरे (एसटीआरई) श्री पी.के.जैन, कार्यपालन अभियंता (सिविल) बी. पी.गुप्ता, कार्यपालन अभियंता (कार्या) व अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अशोक पिल्लई, कल्याण अधिकारी ने किया। आभार प्रदर्शन श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त द्वारा किया गया।

परिचायवली

## श्री लक्ष्मीनारायण इरंकी, मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र)



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री लक्ष्मीनारायण इरंकी का जन्म 09 दिसम्बर 1952 को आंध्रप्रदेश के ग्राम ट्यूनी में हुआ। अपनी माता श्रीमती सर्वमंगला एवं पिता स्व. ई.एस. एस. शास्त्री से सुसंस्कार के साथ जीवन में निरंतर प्रगतिरत् होने की प्रेरणा श्री इरंकी को मिली। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हायर सेकेण्डरी ग्राम ट्यूनी में ही प्राप्त की एवं इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अनंतपुर में प्राप्त की। आपने विद्युत मंडल में अपने सेवा का प्रारंभ स्नातक प्रशिक्षु के रूप में (संचारण/संधारण) भिलाई में 20 दिसम्बर 1976 को प्रारंभ की एवं प्रशिक्षण पश्चात् सहायक यंत्री के रूप में 09 जनवरी 1978 को नियमित हुए। जनवरी 1990 में सहायक अभियंता से संभागीय यंत्री के पद पर पदोन्नत होकर (संचारण/संधारण) संभाग सबलगढ़, जिला मुरैना में पदस्थ हुए। संभागीय यंत्री के पद पर बेमेतरा, जगदलपुर, पत्थलगांव, बालोद, एच.आर.डी. जबलपुर में अपनी सेवायें दी। अधीक्षण अभियंता के करंट चार्ज में मुख्य अभियंता (संचारण/संधारण) रायपुर कार्यालय एवं अंबिकापुर क्षेत्र में पदस्थ रहे एवं 2001 से 2005 तक ई.आई.टी.सी. मुख्यालय रायपुर में पदस्थ रहे। फरवरी 2005 में अधीक्षण यंत्री के पद पर नियमित होकर ई.आई.टी.सी. के साथ-साथ एक साल अधीक्षण अभियंता, जांजगीर रहे। आपने मंडल में संयुक्त सचिव कार्मिक- दो के महत्वपूर्ण पद पर भी अपनी सेवायें प्रदान की। अगस्त 2007 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर ई.आई.टी.सी. ट्रेनिंग में पदस्थ रहे एवं अक्टूबर 2010 में मुख्य अभियंता (राजनांदगांव क्षेत्र) मे पदस्थ हुए। विद्युत मंडल में "सैप प्रणाली" को मंडल/कंपनी के सभी क्षेत्रों/कार्यालयों में प्रारंभ करने में आपका अद्वितीय योगदान रहा है। मंडल/कंपनी कर्मचारियों को कम्प्यूटर/ सैप प्रणाली में कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में भी आपका सराहनीय योगदान रहा है। ऊर्जा मंत्रालय, केन्द्रीय शासन के राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत् ग्राम के हर एक व्यक्ति/घर तक विद्युत पहुंचाने के लोकप्रिय योजना के तहत् मंडल/कंपनी कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में भी आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन





हसदेव ताप विद्युत गृह संयंत्र में 40 वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ संयंत्र के मुख्य अभियंता श्री एस.एन.अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं श्री एस.आर.जायसवाल कारखाना प्रबंधक की अध्यक्षता में हुआ। संरक्षा सप्ताह के दौरान संयंत्र में आपातकालीन स्थिति में बचाव का पूर्वाभ्यास किया गया।

केमिकल विंग में पाइप फ्लेंज से सल्फयूरिक एसिड का रिसाव होने पर वहाँ कार्यरत सुपरवाईजर श्री एस.के.राठौर ने संबंधित अधिकारियों की उसकी सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही श्री अतुल मेहता वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एवं श्री के.पी. बनर्जी मुख्य रसायनज्ञ के नेतृत्व में उनकी टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति को अपने नियंत्रण में लिया। आपातकालीन साईरन के बजने पर फायर टेंडर तथा एम्बुलेंस यथाशीघ्र दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई। श्री एम. एस.सुरेश कार्यपालन यंत्री के नेतृत्व में श्री गोविंद प्रसाद राठौर एवं श्री देवी प्रसाद साहू ने सुधार कार्य प्रारंभ किया।

श्री टी.डी मोहरे अग्निशमन अधिकारी (प्रभार) के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा पानी का छिड़काव कर एसिड की तीव्रता को कम किया गया। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही श्री एस.एन. अग्रवाल मुख्य अभियंता (उत्पादन) एवं श्री एस.आर. जायसवाल कारखाना प्रबंधक ने घटना स्थल पर पहुंच कर संबंधित अधिकारियों से घटना की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बचाव कार्य एवं सुधार कार्य सम्पन्न होने पर आपात निवारण का साईरन आपात नियंत्रण कक्ष द्वारा बजाया गया।

संयंत्र में समय-समय पर इसी प्रकार पूर्वाभ्यास किया जाता है जिससे वास्तविक आपातकाल की स्थिति में संबंधित विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन तत्परता से कर सके। पूर्वाभ्यास में नियंत्रक अधिकारी श्री के.पी.बनर्जी मुख्य रसायनज्ञ एवं संयोजक श्री यू.एम. गुलेचा मुख्य संरक्षा अधिकारी के साथ श्रीमती मालती जोशी, श्री पी. के.दवे वरिष्ठ कल्याण अधिकारी, श्री टी.के.हाजरा संरक्षा अधिकारी, श्री जे.पी.कैवर्त, श्री धनीराम सहित केमिकल विंग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न : कोरबा पूर्व विजेता बिलासपुर उपविजेता



कोरबा पूर्व में 08 फरवरी से 11 फरवरी 2011 तक छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता श्री आर.डी.सोनकर, कार्यपालक निदेशक (उत्पादन), डीएसपीएम. ताप विद्युत गृह के मुख्य आतिथ्य एवं श्री सी. पी.पाण्डेय कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) कोरबा पूर्व के अध्यक्षता तथा श्री एस.पी.रेगे, कार्यपालक निदेशक, स्वास्तिक पॉवर एण्ड मिनरल रिर्सोसेस प्राइवेट लिमिटेड के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री सोनकर ने कहा कि खेल लोगों को एवं कर्मियों को आपस में जोड़ने का कार्य करता है। सभी खिलाड़ी जीत के लक्ष्य के साथ यहॉ आये है वे पराजय के भय को छोड़कर जीत की भावना के साथ खेल का प्रदर्शन करें। श्री सी.पी.पाण्डेय ने अतिथि खिलाड़ियों का स्वागत करते हुये कहा कि खिलाड़ियों ने कंपनी की इस प्रतियोगिता में अपने कौशल खेल का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को सफल बनाया। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री एन.एम.के.नाडिग ने समस्त खिलाड़ियों एवं अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्बोधन दिया। क्षेत्रीय क्रीडा एवं कला परिशद के अध्यक्ष श्री अनिल धर ने आयोजन के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कोरबा पूर्व टीम के खिलाड़ी श्री आर.के.कनवर ने समस्त खिलाड़ियों को शपथ दिलाया।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व में आयोजित अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोरबा पूर्व एवं बिलासपुर क्षेत्र के बीच हुआ जिसमें कोरबा पूर्व ने बिलासपुर को 8–0 से पराजित कर विद्युत कंपनी हॉकी ट्राफी पर कब्जा कर विगत कई वर्षो से विजेता होने का गौरव बरकरार रखा। कोरबा पूर्व टीम खिलाड़ी श्री बी.टोप्पो ने टूर्नामेंट में सर्वाधित 8 गोल दागे। कोरबा पूर्व के बी.टोप्पो को बेस्ट फारवर्ड, सुशील लकरा को बेस्ट डिफेन्डर तथा अजय तिर्की को बेस्ट ऑल राउण्डर एवं कोरबा पूर्व के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी राकेश कनवर को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेन्ट के सम्मान से नवाजा गया। मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के टीम चयन के लिए 25 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की।

प्रतियोगिता में श्री एस.एन.शर्मा, उपाध्यक्ष जिला हॉकी संघ, शम्भूसिंह अरविंद दोसाज, आर.के.टंडन तथा के.के.गढ़ेवाल ने रेफरी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम का संचालन श्री एस.पी.बारले वरिष्ठ कल्याण अधिकारी तथा आभार प्रदर्शन श्री बीबीपी मोदी अधीक्षण अभियंता ने किया। मैच सम्पन्न कराने में कोरबा के खिलाड़ी सर्वश्री धन मसीह शरद पाठक, सुरेश क्रिस्टोफर, बजरंग कटकवार, एवं सुनील चौहान, एस.के.झा, पालेश्वर सिंह, गेंदराम कोरबा पूर्व टीम से बजरंग कटकवार, एम.एस.ठाकुर, डी.एस.बघेल, एस.लकरा, एल. कुजूर, बी.टोप्पो, ईमल कुजूर, पी.कुजूर, पी.खेस.ए.तिग्गा, अजय तिर्की, स्टीफन मिंज, पी.पी.कुजूर, विजय लकरा, के.के. टोप्पो, सनत सिदार नईमूर रहमान तथा सिविल एवं आई एंड सी व विद्युत सुधार विभाग का सराहनीय सहयोग रहा।

## छत्तीसगढ़ महतारी



**आर.एल.पात्रे**
भण्डारपाल
कार्या. कार्यपालन यंत्री (भण्डार)
ह.ता.वि.गृ., छराविउकंलिमि. कोरबा पश्चिम

हसदेव ताप बिजली घर के नाम रौशन करबो जी
नब्बे परसेंट पी.एल.एफ. के सपना पूरा करबो हमन जी।

अधिकारी कर्मचारी मिलके भारी मेहनत करथन
तन–मन ल अर्पन करके बिजली पैदा करथन।।
नब्बें परसेंट पी.एल.एफ. ज्यादा नो हय जी– नब्बे परसेंट

हसदेव ताप बिजली घर के दुनिया म होगे शोर
इहॉ के बिजली भारत देश ल करथे जगमग अंजोर

सरप्लस बिजली सबला मिलही, लबारी नो हय जी–नब्बे परसेंट

मुखिया मन जानकार हावय, हसदेव बिजली घर के
जेकर मार्गदर्शन मा बिजली बनथे हसदेव ताप घर में।।
बिजली उत्पादन कंपनी के नाम रौशन करबो जी–नब्बे परसेंट

नब्बे परसेंट पी.एल.एफ. के सपना पूरा करबो हमन जी।




अंग्रेजी में वेलेन्टाइन, हिंदी में कहते प्यार।
इस दिन प्रेमी प्रेमिका, करे प्यार इजहार।।

वक्त के साथ में बदल रहा, इसके पहले का रूप।
पहले यह काफी सुन्दर था, अब यह हुआ कुरूप।।

अब तेरह वर्ष के बच्चे कहते, उन्हे हो गया प्यार।
क्या उन्हें तनिक भी ज्ञान है कि, क्या है प्यार का सार।।

छात्र लगे है प्यार में, पढ़ने में बंटाधार।
भले ही इन्टर में लग जाये, तीन के बदले चार।।

टी.व्ही. फोन व इंटरनेट ने बिगाड़ा है संस्कार।
पैसों की बर्बादी को, समझे अपना अधिकार।।

पांच रूपये के फूल को बेचें, सौ रूपये में वेण्डर।
फिर भी आशिक ना घबराये, करने में जेब सरेण्डर।।

इस दिन प्यार में, इक–दूजे से, करते हैं मनुहार।
अच्छा हो इस दिन आपस में, ना हो बिल्कुल तकरार।।

सफल हो गये प्यार में समझो, वेलेन्टाइन की नैय्या पार।
वर्ना दूजे दिन, कई मिलेंगे, नदी या पटरी पार।।

इन्हे नियंत्रण करने में, मां बाप का हो फटकार।
अब वेलेन्टाइन में, प्यार नहीं यह है पूरा व्यापार।।

इसलिये मैं बच्चों से कहता, हूं बारंबार।
प्यार के बदले पहले सोचो, जीवन का आधार।।

डी.एल.मूर्ति

# बेरा

बेरा सरलघ हे
सुन्य ले अनंत तक
कभू नइ रूकय
चलतेच्च हावय
फेर
मनखे अपन
सुभित्ता बर
येला नापे के
जोम करेहे
माइक्रो सेकेण्ड ले
परकास बछर तक
जेमा
सेकण्ड, मिनट, घंटा,
दिन, पखवाड़ा, महीना,
साल दर साल
आवत हे
अऊ बीत
जाबत हे
कई जुग ले
परलय के बाद घलव
ओकरो ले आगू
चलाय मान हे
बेरा सरलघ हे।

रसिक बिहारी अवधिया
कार्या.सहा.श्रेणी–दो
कार्या. सहायक यंत्री तकनिकी प्रशिक्षण केन्द्र
छराविविकं.मर्या.रायपुर

# हमारे गौरव

## नीलोत्पल साहू



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा पश्चिम के चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. के.एन. साहू एवं डॉ. श्रीमति मंजुला साहू की सुपुत्री सुश्री नीलोत्पल साहू ने जे.ई.ई. में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल कर देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान आई.आई.टी. खड़गपुर में प्रवेश लिया है। बिट्स पिलानी में कुल 410 अंक व ए.आई.ई.ई.ई. परीक्षा में भी 3700 रैंक पाया। व्ही.आई.टी व ट्रिपल आई.टी. हैदराबाद में भी प्रवेश पाने में सफलता हासिल की। ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी दसवीं कक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली बालिका ने नृत्य व विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। मंडल परिवार बालिका के उज्जवल भविश्य की कामना करता है, बधाई....

## कु. प्रीति चौबे



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा पूर्व के कार्यालय कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) में पदस्थ श्री संनातन चौबे, कार्या.सहा.श्रेणी–2 एवं श्रीमती पुनीता चौबे की सुपुत्री कु. प्रीति चौबे ने गुरूघासी दास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में एम.ए. राजनीति शास्त्र में प्रथम स्थान पर प्राप्त किया है। जनवरी 2011 में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री शेखर दत्त एवं पद्म श्री डॉ. विजय कुमार साश्वत (महानिदेशेक, डीआरडीओ.) के कर कमलों से गोल्ड मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी को गौरावान्वित किया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पूर्व के कार्यपालक निदेशक श्री सी.पी.पाण्डेय एवं कोरबा पूर्व के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस उपलब्धि के लिये कु. प्रीति चौबे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी, बधाई ...

## कु. आकांक्षा मोहिते



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित मड़वा के परियोजना प्रबंधक में कार्यरत कार्या.सहा.श्रेणी–एक, श्री एम.आर.मोहिते एवं श्रीमती अर्चना मोहिते की सुपुत्री कु. आकांक्षा मोहिते ने मार्च 2010 में 12 वीं की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल किया है। जिसमें से कुल 500 में से 475 अंक हासिल कर प्रदेश एवं कंपनी का नाम गौरावान्वित किया है। ज्ञातव्य है कि कु. आकांक्षा मोहिते ने पढ़ाई के अतिरिक्त गायन में रूचि वर्ष 2009 में वाईस आफ कोरबा घोषित किये। मंडल परिवार बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना करता है, बधाई..

## छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित



छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कला, साहित्य एवं संस्कृति को जीवित रखने एवं आगे बढ़ाने के लिए 15 जनवरी से 18 जनवरी तक चार दिवसीय त्रिवेणी भवन बिलासपुर में राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन किया गया जिसमें 63 कलाकारों को श्रीफल, शाल, स्मृति चिन्ह एवं छत्तीसगढ़ रत्न (कला, साहित्य, संस्कृति सम्मान) से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सुप्रसिद्ध लोक–जसगायक श्री दिलीप शडंगी (भिलाई )एवं श्री हरीशमगर ओम (बिलासपुर) को कला संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु ''छत्तीसगढ़ रत्न'' से अलंकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ।


## कु0 रूचिता अग्रवाल



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत भार पारेशण कंपनी रायपुर कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री श्री गिरिश गुप्ता की सुपुत्री कुमारी रूचिता अग्रवाल ने इंटर नेशनल इनफारमेटिक्स ओलंपियाड स्पर्धा में छठवा स्थान प्राप्त कर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का नाम गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि इंटर नेशनल इनफारमेटिक्स ओलंपियाड न्यु दिल्ली द्वारा आयोजित उक्त स्पर्धा में दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में क्लास–1 में अध्ययनरत् छात्रा कुमारी रूचिता अग्रवाल ने इस स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कक्षा में तृतीय स्थान तथा राज्य में छठवा स्थान अर्जित किया है,, बधाई......

# कुर्यात् सदा मंगलम्   कुर्यात् सदा मंगलम्

## रश्मि संग रत्नेश



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री अरविन्द कुमार तिवारी की सुपुत्री सौ. का. रश्मि का शुभ विवाह श्री रमेश प्रसाद दुबे के सुपुत्र चि. रत्नेश के संग 20 फरवरी 2011 को रायपुर में सानंद सम्पन्न हुआ, बधाई.......

## विशाल संग डॉ. पद्मश्री



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेशण कंपनी के कार्यालय कार्यपालक निदेशक (परीक्षण/संचार) रायपुर में कार्यरत श्रीमती अनुराधा बक्षी, कार्यालय सहायक श्रेणी–दो के सुपुत्र चि. विशाल का शुभ विवाह स्व. श्री अरूण एवं श्रीमती अरूणा चांदले की सुपुत्री डॉ. सौ.का. पद्मश्री के संग 22 नवम्बर 2010 को छिंदवाड़ा (म.प्र.) में सानंद सम्पन्न हुआ, बधाई.....



## निलीमा संग आलोक


छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी रायपुर में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत श्री जी. एस.वर्मा की सुपुत्री सौ.का. निलीमा का शुभ विवाह अधिवक्ता श्री ज्ञानाराम बंछोर के सुपुत्र चि. आलोक के संग 23 जनवरी 2011 को रायपुर में सानंद सम्पन्न हुआ, बधाई.............

## अभिनव संग अपूर्वा



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालक निदेशक (वाणिज्य) श्री व्ही.के.श्रीवास्तव के सुपुत्र चि. अभिनव का शुभ विवाह डॉ. अनूप वर्मा की सुपुत्री सौ.का. अपूर्वा के संग 07 फरवरी 2011 को रायपुर में सानंद सम्पन्न हुआ, बधाई.....

## अशकनज राही (सन्नी) संग अलंकृता (बन्नी)



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी के डंगनिया औषधालय में कार्यरत श्रीमती के.सागर एवं श्री एम.एल.सागर के सुपुत्र चि. अशकनज राही सागर का शुभ विवाह सौ.का. अलंकृता सुपुत्री श्रीमती मंजूला गिर एवं स्व. श्री एस.सी गिर के संग 27 अक्टूबर 2010 को रायपुर में सानंद सम्पन्न हुआ, बधाई..

# गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृतजन



छाया : संजय टेम्बे, छायाकार, छ.रा.वि.हो. कं. मर्या, जनसम्पर्क कार्यालय

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कम्पनी मर्या., डंगनिया, रायपुर फोन : 0771-4066901 फैक्स : 0771-2242955 Website:www.cseb.gov.in